आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
शीतला अष्टमी

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 39 अंक 222 | इंदौर, बुधवार 11 मार्च, 2026 | चैत्र कृष्ण 8 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-3.00 | www.awantika.com

## कई राज्यों में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर सप्लाई बंद

### गैस नहीं मिलने से होटल-रेस्टोरेंट के बंद होने की नौबत, जमाखोरी रोकने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**


अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग की वजह से हॉर्मुज जलमार्ग के रास्ते गैस सप्लाई ठप हो गई है। इससे देश में एपीजी की किल्लत हो रही है। दिल्ली, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और राजस्थान समेत कई राज्यों ने कॉमर्शियल गैस की सप्लाई पर रोक लगा दी है।

गैस सप्लाई बंद होने की वजह से कई शहरों में रेस्टोरेंट्स और होटल बंद होने की नौबत आ गई है। ऐसे में सरकारी सूत्रों का कहना है कि तेल कंपनियां तीन सदस्यी कमेटी के जरिए रेस्टोरेंट एसोसिएशनों से बात करेंगी, ताकि एलपीजी सप्लाई की दिक्कतों को समझा जा सके।

### देशभर में 'आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955' लागू

इधर, केंद्र सरकार ने गैस समेत जरूरी चीजों की जमाखोरी रोक ने लिए देशभर में 'आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955' लागू कर दिया है। अब गैस को 4 कैटेगरी में बांटा जाएगा.

- **पहली कैटेगरी (पूरी सप्लाई):** इसमें घर की रसोई गैस और गाड़ियों में डलने वाली सीएनजी आती है। इन्हें पहले की तरह पूरी गैस मिलती रहेगी।
- **दूसरी कैटेगरी (खाद कारखाने):** खाद बनाने वाली फैक्ट्रियों को करीब 70% गैस दी जाएगी। बस उन्हें यह साबित करना होगा कि गैस का इस्तेमाल खाद बनाने में ही हुआ है।
- **तीसरी कैटेगरी (बड़े उद्योग):** नेशनल ग्रिड से जुड़ी चाय की फैक्ट्रियों और दूसरे बड़े उद्योगों को उनकी जरूरत की लगभग 80% गैस मिलेगी।
- **चौथी कैटेगरी (छोटे बिजनेस और होटल):** शहरों के गैस नेटवर्क से जुड़े छोटे कारखानों, होटल और रेस्टोरेंट को भी उनकी पुरानी खपत के हिसाब से लगभग 80% गैस दी जाएगी।



### क्या है आवश्यक वस्तु अधिनियम?

एसेंशियल कमोडिटी एक्ट 1955 एक ऐसा कानून है, जो सरकार को यह ताकत देता है कि वह किसी भी जरूरी चीज जैसे- अनाज, दालें, खाने का तेल, दवाइयां या ईंधन की सप्लाई और कीमतों को कंट्रोल कर सके। इसे आसान भाषा में 'जमाखोरी रोकने वाला कानून' कह सकते हैं। जब कभी किसी चीज की कमी होने लगती है या उसकी कीमतें बहुत ज्यादा बढ़ने लगती हैं, तो सरकार इस कानून को लागू कर देती है। इसके तहत व्यापारियों के लिए स्टॉक की एक लिमिट तय कर दी जाती है कि वे एक सीमा से ज्यादा सामान गोदामों में नहीं भर सकते।

### बुकिंग के 4-5 दिन बाद भी डिलीवरी नहीं

कॉमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई पर अघोषित रोक से होटल-रेस्टोरेंट और ढाबा संचालकों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कंपनियों ने एजेंसियों को पूरा फोकस सिर्फ घरेलू गैस पर रखने को कहा है, लेकिन इसके बावजूद आम लोगों में घबराहट का माहौल है। लखनऊ, कानपुर और वाराणसी जैसे शहरों में बुकिंग के 4-5 दिन बाद भी डिलीवरी नहीं हो पा रही है।

## देश विदेश

### सरकार कोविड वैक्सीन से नुकसान का मुआवजा दे: सुप्रीम कोर्ट


**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को कोविड वैक्सीनेशन से जुड़ी याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए कहा कि सरकार वैक्सीनेशन के साइड इफेक्ट्स का मुआवजा दे। इसके लिए वह नो-फॉल्ट कंपनसेशन पॉलिसी बनाए। नो-फॉल्ट कम्पनसेशन पॉलिसी का मतलब है कि अगर किसी व्यक्ति को दवा या वैक्सीन से नुकसान हो जाए, तो उसे मुआवजा मिल सकता है, भले ही इसमें किसी की गलती साबित न हुई हो। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने यह भी कहा कि वैक्सीनेशन के साइड इफेक्ट्स की मॉनिटरिंग के लिए मौजूदा सिस्टम जारी रहेगा। इसके लिए अलग से एक्सपर्ट पैनल बनाने की जरूरत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने रचना गंगू और वेणुगोपालन गोविंदन की 2021 में दायर याचिका पर यह फैसला सुनाया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उनकी बेटियों की मौत कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स के कारण हुई थी।

### जम्मू-कश्मीर के नौशेरा में एक आतंकी मारा गया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के झंगर-नौशेरा सेक्टर में एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश के दौरान एक आतंकवादी को सेना ने मार गिराया। भारतीय सेना ने बताया कि 10 मार्च 2026 को दोपहर करीब 3 बजे लाइन ऑफ कंट्रोल पर झंगर-नौशेरा के इलाके में दो आतंकवादियों की हरकत का पता चला था। सेना ने बताया कि सैनिकों ने तेजी से काम किया, और घुसपैठ की कोशिश को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया। दूसरे आतंकवादी की तलाश जारी है। सेना के मुताबिक जमीन और हवाई निगरानी की मदद ली जा रही है। पिछले 5 दिनों में जम्मू-कश्मीर के राजौरी इलाके में सिक्योरिटी फोर्स ने दूसरी बार घुसपैठ की कोशिश नाकाम की है।

### मिडिल ईस्ट तनाव के बीच

## कुवैत से भारत लौटीं उर्वशी



**फ्लाइट में बैठते ही घबराईं, आंखों में आए आंसू सुरक्षित भारत पहुंचकर फैंस को दिया अपडेट**

**मुंबई।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला कुवैत से भारत लौट आई हैं। हालात बिगड़ने के बाद उन्होंने जल्दबाजी में कुवैत छोड़ दिया। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर बताया कि उस दौरान वह काफी डर गई थीं और उनकी आंखों से आंसू निकल आए थे। दरअसल, हाल के दिनों में ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के कारण मिडिल ईस्ट में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। कई जगहों पर मिसाइल हमलों और सुरक्षा अलर्ट की खबरें सामने आ रही हैं। इसी बीच उर्वशी रौतेला भी अपने एक प्रोफेशनल काम के सिलसिले में कुवैत गई हुई थीं, लेकिन हालात अचानक बिगड़ने के बाद उन्हें तुरंत वहां से निकलना पड़ा। एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में बताया कि जब तक वह फ्लाइट में बैठीं, तब तक सब ठीक था, लेकिन सीट पर बैठने के बाद अचानक उन्हें घबराहट महसूस होने लगी। उन्होंने लिखा कि उनका दिल बहुत तेज धड़कने लगा और अचानक डर की भावना ने घेर लिया। उर्वशी ने कहा कि उस समय वह खुद को असुरक्षित और चिंतित महसूस कर रही थीं, इसलिए उन्होंने अपने फैंस से दुआ करने की अपील भी की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुवैत एयरपोर्ट पर उस समय माहौल भी काफी तनावपूर्ण था। कई विदेशी नागरिक जल्दी-जल्दी देश छोड़ने की कोशिश कर रहे थे। सुरक्षा जांच बढ़ा दी गई थी और यात्रियों में घबराहट साफ नजर आ रही थी।

### जश्न के बीच बंदूक लहराकर आए युवक ने युवती को मारी गोली

**सीधी।** मप्र के सीधी जिले से दुखद घटना सामने आयी है। चुरहट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मबई से कार्यक्रम के दौरान युवती को गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। इस पूरी वारदात के संबंध में मृतका रितिका सिंह निवासी ग्राम पिपरा थाना गोविंदगढ़ जिला रीवा के भाई उदय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वह अपने मौसी के दामाद मृगेंद्र सिंह के यहां सीधी जिले के चुरहट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मवई बीती शाम गए हुए थे। उदय ने बताया कि मौसी की लड़की स्वाति सिंह को बेटा हुआ था जिसकी कल अस्पताल से छुट्टी हुई थी। बेटे के गृह प्रवेश का कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

### पात्र वोटर का नाम नहीं कटेगा: मुख्य चुनाव आयुक्त

**कोलकाता।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मंगलवार को कहा कि किसी भी पात्र वोटर का नाम वोटर लिस्ट से नहीं हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करना चुनाव आयोग की प्राथमिकता है। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन का मकसद है कि सभी सही वोटर को वोट देने का अधिकार मिले और कोई अयोग्य व्यक्ति वोटर लिस्ट में शामिल न हो। आयोग का मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि पश्चिम बंगाल के सभी मतदाता आगामी विधानसभा चुनाव में हिंसा और डर के माहौल से मुक्त होकर मतदान कर सकें। कोलकाता में चुनाव तैयारियों की समीक्षा के लिए दो दिन तक हुई बैठकों के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि आयोग ने राज्य की कानून-व्यवस्था से जुड़ी एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे बिना किसी पक्षपात और दबाव के कानून का सख्ती से पालन कराएं।

### सीबीएसई के 12वीं के पेपर पर गाने का क्यूआर कोड

## स्कैन करने पर यू-ट्यूब लिंक ओपन हो रही

### सीबीएसई ने कहा गलती हुई, लेकिन पेपर सेफ

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा में मैथ के पेपर पर छपे सिक्योरिटी क्यूआर कोड को स्कैन करने पर यू-ट्यूब की लिंक ओपन हो ही है। यह लिंक 39 साल पुराने इंग्लिश सॉन्ग रिकरोल की है।

9 मार्च को हुए इस पेपर पर सीबीएसई ने कहा- क्यूआर स्कैन करने पर यू-ट्यूब लिंक ओपन हो रही है। लेकिन एग्जाम पेपर भी असली हैं। इस मामले में एग्जाम पेपर की सुरक्षा से समझौता नहीं हुआ है। एग्जाम पेपर की ऑथेंटिसिटी सुरक्षित है और आगे की परीक्षाओं में ऐसी स्थिति दोबारा न हो, इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।




### वायरल फोटो की वजह से एग्जाम पेपर पर सवाल उठे

दरअसल, कुछ छात्रों का कहना था कि उनके स्कैन करने पर सच में यूट्यूब पर गाने कि लिंक खुल रही थीं। वहीं कुछ के स्कैन करने पर सिर्फ 'ए' और 'क्यू' जैसे साधारण लैटर साइन ही खुल रहे थे। इससे कन्फ्यूजन हो गया कि वायरल स्क्रीनशॉट किसी एक-दो मामलों का है, तकनीकी गड़बड़ी है या सोशल मीडिया पर फैली फेक खबर। वहीं छात्रों और उनके माता-पिता ने एग्जाम पेपर कि ऑथेंटिसिटी पर भी सवाल उठाए।

**पेपर की ऑथेंटिसिटी के लिए सिक्योरिटी क्यूआर कोड लगाया जाता है-** क्यूआर कोड किसी डॉक्युमेंट या क्वेशन पेपर की पहचान और ऑथेंटिसिटी के लिए लगाया जाता है। इसे स्कैन करने पर आमतौर पर पेपर का सेट नंबर, सीरियल नंबर या एन्क्रिप्टेड जानकारी रखता है। इससे पता चलता है कि डॉक्युमेंट असली है या नहीं। उसमें किसी तरह की छेड़छाड़ तो नहीं हुई।

## एक लीटर तेल भी बाहर नहीं जाने देंगे- ईरान

**एजेंसी ▶▶ तेल अवीव**

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का 11वां दिन है। इस बीच ईरान ने कहा है कि वह एक लीटर तेल भी बाहर नहीं जाने देगा। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों के गुजरने को लेकर एक नई शर्त रखी है।

इजराइली मीडिया वाइनेट की रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान की सेना इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा है कि कुछ देशों के जहाजों को इस रास्ते से गुजरने दिया जा सकता है, लेकिन इसके लिए उन देशों को पहले इजराइल और अमेरिका के राजदूतों को अपने देश से निकालना होगा। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया का बहुत अहम समुद्री रास्ता है। हर साल दुनिया के करीब 20% तेल की सप्लाई इसी रास्ते से गुजरती है।

## इंदौर में भाजपा की प्रदेश स्तरीय क्षेत्रीय वक्ता कार्यशाला




**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश स्तरीय क्षेत्रीय वक्ता कार्यशाला आयोजित की जा रही है। यह कार्यशाला आठ अलग-अलग कक्षों में हो रही है। उद्घाटन सत्र में भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

यहां भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि बीजेपी अपनी विचारधारा और कार्यपद्धति से पहचानी जाती है। अन्य दलों से बीजेपी की कार्यप्रणाली अलग है। इसलिए समय-समय पर प्रशिक्षण सत्र लगते हैं। इस कार्यशाला के लिए सीएम मोहन यादव भी इंदौर पहुंच गए हैं। कार्यशाला को गुजरात के संगठन महामंत्री रत्नाकर तथा मध्य-पश्चिम क्षेत्र प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी केसी पटेल भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इस दौरान संगठन की कार्यशैली, विचारधारा और प्रभावी जनसंवाद के तरीकों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। कार्यशाला के दूसरे सत्र में आठ अलग-अलग कक्षों में समानांतर प्रशिक्षण कार्यक्रम होंगे, जहां विशेषज्ञ वक्ता कार्यकर्ताओं को विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन देंगे।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- यूसीसी लागू करने का समय आ गया, संसद फैसला करे

### शरियत कानून में सुधार की जल्दबाजी न करें, इससे नुकसान की संभावना

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि देश में समान नागरिक संहिता लागू करने का समय आ गया है। इस पर फैसला करना कोर्ट के बजाय संसद का काम है।

कोर्ट शरियत कानून 1937 की कुछ धाराओं को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा था। इन धाराओं से मुस्लिम महिलाओं के साथ भेदभाव का आरोप था।

सीजेआई सूर्यकांत,जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा- शरियत कानून की धाराएं रद्द कर दी गईं तो मुस्लिम समुदाय में संपत्ति के बंटवारे को लेकर कोई स्पष्ट कानून नहीं बचेगा। इससे कानूनी खालीपन पैदा हो सकता है।

- **सीजेआई:** सुप्रीम कोर्ट पहले भी कई बार सरकार से समान नागरिक संहिता लागू करने को कह चुका है। अलग-अलग समुदायों के लिए अलग नियम हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम सीधे किसी कानून को असंवैधानिक घोषित कर दें।
- **याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण:** कोर्ट यह घोषित कर सकती है कि मुस्लिम महिलाओं को भी पुरुषों के बराबर संपत्ति में अधिकार मिलना चाहिए। अगर शरियत कानून की कुछ धाराएं रद्द होती हैं, तो ऐसे मामलों में भारतीय उत्तराधिकार कानून लागू किया जा सकता है।
- **बेंच:** इस मुद्दे का स्थायी समाधान समान नागरिक संहिता ही है। लेकिन इसे लागू करने का फैसला संसद को लेना होगा। यह नीतिगत मामला है, और कानून बनाना संसद का अधिकार है।

## ईरान जंग- पाकिस्तान में तेल महंगा, स्कूल बंद

### मंत्रियों की सैलरी-विदेश दौरे रोके, सरकारी दफ्तर हफ्ते में 4 दिन खुलेंगे, कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम

**एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को बढ़ती तेल कीमतों को देखते हुए खर्चों में कटौती योजना का ऐलान किया है। इसके तहत सरकारी दफ्तर हफ्ते में सिर्फ चार दिन खुलेंगे और आधे कर्मचारी वर्क फ्रॉम होम करेंगे। इस हफ्ते के अंत से स्कूल दो हफ्तों के लिए बंद रहेंगे।

पाकिस्तानी न्यूज चैनल जियो न्यूज के मुताबिक, मंत्रियों और सलाहकारों के विदेश दौरे रोक दिए गए हैं। मंत्री दो महीने तक वेतन नहीं लेंगे और सांसदों की सैलरी में 25% की कटौती होगी।



वहीं, पाकिस्तान में अब दो महीने तक सरकारी गाड़ियों को 50% कम ईंधन मिलेगा। 60% सरकारी वाहन नहीं चलेंगे। सभी सरकारी विभाग अपने खर्च में 20% कटौती करेंगे। शरीफ ने कहा कि अमेरिका-इजराइल-ईरान संघर्ष की वजह से कच्चे तेल की कीमत 60 डॉलर से बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल से ज्यादा हो गई है। इस वजह से यह निर्णय लिए गए हैं।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों में करीब 20% की बढ़ोतरी

पाकिस्तान ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में करीब 20% की बढ़ोतरी की है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 55 रुपए (पाकिस्तानी रुपया) प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की गई है। इस बढ़ोतरी के बाद पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत अब 335.86 रुपए प्रति लीटर हो गई है। वहीं डीजल 321.17 रुपए प्रति लीटर के स्तर पर पहुंच गया है।

### पेट्रोल पंपों पर भीड़ जमा

कीमतों में बढ़ोतरी की खबर आने के बाद पाकिस्तान के बड़े शहरों जैसे लाहौर और कराची में पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोग घंटों अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। लोगों को डर है कि आने वाले दिनों में कहीं तेल की किल्लत न हो जाए।

## स्पीकर बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

### गोगोई बोले- राहुल को 20 बार टोका, रिजिजू का जवाब- प्रियंका को नेता प्रतिपक्ष बनाते तो अच्छा होता

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

लोकसभा में मंगलवार को विपक्ष स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया। 50 से ज्यादा सांसदों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट किया। इसके बाद पीठासीन ने प्रस्ताव पेश करने की परमिशन दे दी। अब इस प्रस्ताव पर 10 घंटे चर्चा होगी। विपक्ष ने ओम बिरला पर सदन की कार्यवाही में पक्षपात करने का आरोप लगाया है।

बहस की शुरूआत कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने की। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के दौरान 20 बार नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को रोका-टोका गया। उन्हें बार बार रूलिंग बुक दिखाई गई।

उन्होंने अपनी स्पीच में एक आर्टिकल का हवाला दिया। इस पर उन्हें मना किया गया, लेकिन सत्ता पक्ष के सांसदों ने भारत में बैन किताबें सदन में दिखाईं। उनसे कुछ नहीं कहा गया। इस तरह का भेदभाव स्वीकार नहीं है।

### गोगोई बोले- बिरला बोलने नहीं देते, माइक बंद किया

- 2 फरवरी को नेता विपक्ष राहुल गांधी जब बोल रहे थे, तब उन्हें बार-बार रोका गया। स्पीकर सर ने उनके तर्क पर सबूत देने का कहा।
- 9 फरवरी को शशि थरूर जब बोल रहे थे, तब उनका माइक बंद कर दिया गया। सरकार ने कहा कि बोलिए, लेकिन हम कैसे बोल सकते हैं जब माइक ऑफ किया गया हो। संसद में ऐसी नई-नई चीजें हो रही हैं।
- आज महिला सांसदों के उद्देश्य पर सवाल उठाए जा रहे हैं। ओम बिरला जी ने पीएम मोदी के समय कहा था कि महिला सांसदों ने पीएम की चेयर घेर ली है। उनके साथ कुछ भी हो सकता था। ये बहुत ही शर्मनाक बात है। बिरला ने किस आधार पर महिला सांसदों पर ये आरोप लगाए।
- संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- इन लोगों ने पहले आरोप लगाया कि एलओपी को बोलने नहीं दिया जाता है। मैं कहता हूं 15वीं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष केवल 2 बार बोले। जब सेशन चलता है, तो विदेश चले जाते हैं। नेता प्रतिपक्ष अपनी बात कहकर के सदन से भाग जाते हैं। किसी और की बात नहीं सुनते हैं। फिर कहते हैं कि मुझे बोलने नहीं दिया जाता है।
- पहली बार मैंने ऐसा दृश्य देखा कि नेता प्रतिपक्ष पीएम को गले लगा रहा है। अपनी सीट पर बैठकर अपने सांसद को आंख मारता है। जैसा लीडर है तो बाकी के सांसद भी वैसे ही होंगे। मेंबर चेयर को यार कहते हैं। फिर कहते हैं कि इसमें गलत क्या है (वेणुगोपाल ने चेयर को यार कहा था।
- प्रियंका को एलओपी बनाते तो कुछ अच्छा होता। देखिए प्रियंका हंस रही हैं। जो अच्छा व्यवहार करे तो उसकी सराहना करनी चाहिए। विपक्ष ने हंगामा किया। रिजिजू बोले- मैंने अच्छा बोला है। कांग्रेस क्यों नाराज हो रही है।
- प्रियंका गांधी ने कहा कि एक ही व्यक्ति है इस देश में जो इन 12 सालों में इनके सामने झुका नहीं। वह नेता प्रतिपक्ष है। और वो नेता प्रतिपक्ष इस सदन में खड़े होके इनके सामने सच बोल देते हैं। सच्चाई वो जो बोलते हैं वह इनसे पचती नहीं है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## न्यूज कॉलम

### यूजीसी रोलबेक- भोपाल आंदोलन के संबंध में बैठक



**उज्जैन।** यूजीसी विनीयम 2026 के अनुसार केवल सामान्य वर्ग को स्वसिद्ध दोषी ठहराना एवं सवर्ण समाज के विरुद्ध खुलेआम पक्षपात के विरुद्ध 8 मार्च को दिल्ली में सनातन समाज एवं करणी सेना द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया गया है। अभी तक केंद्र सरकार की ओर से कोई सकारात्मक रुख ना होने के कारण अब दिनांक 15 मार्च रविवार को कालियासोत मैदान भोपाल पर प्रदेश भर के सनातन समाज एवं सवर्ण समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में इकट्ठा होंगे। उज्जैन जिले से अधिक संख्या में आंदोलनकारी पहुंचे इसके लिए एक बैठक पूर्व आईएएस डॉ. हीरालाल त्रिवेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें क्षत्रिय महासभा के अनिल सिंह चंदेल एवं हरदयाल सिंह ठाकुर, ब्राह्मण महासभा से सुरेंद्र चतुर्वेदी एवं जियालाल शर्मा, करणी सेना से शैलेंद्र सिंह, कायस्थ महासभा से दिनेश श्रीवास्तव, सपाक्स से मानक लाल उपाध्याय, हरि सिंह पंड्या, अरुण पंड्या, गोकुल सिंह दरबार, अजेन्द्र त्रिवेदी आदि सम्मिलित हुए। सपाक्स के प्रवक्ता जेआर माहुरकर ने बताया कि बैठक में यह निर्णय लिया गया कि उज्जैन में कुछ पंपलेट बांटे जाएं एवं सनातन समाज एवं सवर्ण समाज के सभी संगठनों से अपील की जाए कि वो अपने समाज के कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में भोपाल के 15 मार्च के आंदोलन में भाग लें। जब तक केंद्र सरकार यूजीसी विनियम वापस नहीं लेगी तब तक यह आंदोलन चलता रहेगा।

### राष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप हेतु मप्र दल की सिलेक्शन ट्रायल स्पर्धा



**उज्जैन।** इंडियन बॉडीबिल्डर फेडरेशन मुंबई के तत्वावधान में राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्यप्रदेश मुख्यालय उज्जैन एवं इंदौर जिला बॉडीबिल्डिंग संगठन के विशेष सहयोग से आगामी 28 एवं 29 मार्च को इंदौर के बॉस्केटबॉल स्टेडियम में 17वीं सीनियर मेंस एवं विमेंस बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मध्य प्रदेश के चेयरमैन प्रेम सिंह यादव एवं वाइस प्रेसिडेंट इंजीनियर गजेंद्र मेहता ने बताया कि राष्ट्रीय चैंपियनशिप में सहभागिता करने वाले मध्य प्रदेश के शरीर साधकों की चयन स्पर्धा देवास जिला बॉडीबिल्डिंग संगठन के द्वारा मल्हार मार्तंड सभागृह में देवास में संपन्न हुई। उक्त स्पर्धा की चयन समिति में पूर्व मिस्टर इंडिया सिविल सर्विसेज, प्रादेशिक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाह, राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके, (उज्जैन) इंडियन बॉडीबिल्डर फेडरेशन के संयुक्त सचिव एवं मध्य प्रदेश के महासचिव अतिन तिवारी, अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक रोहित जेठवा, अकबर शेख अज्जू देवास थे। स्पर्धा का शुभारंभ देवास नगर पालिका के पार्षद विकास जाट, एडवोकेट चंद्रपाल सिंह सोलंकी, रेहान शेख ने किया। राष्ट्रीय स्पर्धा हेतु मध्य प्रदेश की 'ए' टीम में जेताराम नायक, युवराज वर्मा, राहुल नरवरिया (इंदौर), उदय सिंह चौहान (विदिशा), सौरभ देवनाथ (नर्मदा पुरम), कमलेश चांगल, शोएब मोहम्मद (उज्जैन), मुश्ताक (नीमच), अक्षय यादव (इंदौर), बनवारीलाल गुर्जर (ग्वालियर), निर्मल कुमार सरयाम (बालाघाट) चयनित किए गए। मध्य प्रदेश की 'ई' टीम में मेघ श्याम धुरी (भोपाल), विष्णु कावरे (बालाघाट), विशाल तोमर (भोपाल) रूपेश सिंह ठाकुर (देवास), प्रमोद रघुवंशी (विदिशा), आवेश चौधरी (इंदौर), प्रदीप ठाकुर (देवास), विवेक रघुवंशी (गुना), हाशिम अली (भोपाल), शैलेंद्रशुक्ला (सतना), अनमोल तिवारी (जबलपुर) चयनित किए गए, इस अवसर पर स्पर्धा आयोजक रेहान शेख का विशिष्ट खेल अभिनंदन किया गया।

### निशांत यादव मित्र मंडली ने रंगपंचमी उत्सव बड़े हर्ष के साथ मनाया



**उज्जैन।** रंगपंचमी के पावन पर्व पर खजुर वाली मस्जिद चौराहा, गीता कालोनी चौराहे पर निशांत यादव द्वारा रंगपंचमी उत्सव मनाया गया। सभी मित्रों द्वारा रंग गुलाल पुष्प से होली खेली गई एवं एक दूसरे को रंग लगाकर रंगोत्सव की शुभकामानाए दी गई। यह जानकारी अशोक सोनगरा द्वारा दी गई।

# मां को प्रसन्न करने के लिए खाते हैं बासी भोजन

## चैत्र कृष्ण सप्तमी पर देश के घर-घर में शीतला माता की पूजा व बासी खाना खाने की धार्मिक मान्यता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पं. राहुल शुक्ल.उज्जैन

चैत्र कृष्ण सप्तमी पर देश के घर-घर में शीतला माता की पूजा व बासी खाना खाने की धार्मिक मान्यता है। शीतला माता को रोग शोक का शमन करनेवाली देवी माना गया है। इन्हें दरिद्रता दूर करनेवाली देवी कहा गया है। सबसे कौतुहल का विषय है शीतला माता की सवारी जो चित्रों और विग्रहों में गधे के रूप में दिखती है। शीतला माता को लेकर कुछ पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। एक पौराणिक कथानुसार एक बार शीतला माता ने मन में विचार किया कि आज मैं स्वयं धरती पर जाकर देखूँ कि कौन मेरी पूजा करता है और कौन मुझे मानता है। यही सोचकर शीतला माता धरती पर राजस्थान के डुंगरी गाँव में आईं। वहाँ आकर उन्होंने देखा कि इस गाँव में न तो उनका कोई मंदिर है और न ही उनकी पूजा होती है।

शीतला माता गाँव की गलियों में घूम रही थीं। तभी एक मकान की छत से किसी ने चावल का उबला हुआ पानी (मांड) नीचे फेंक दिया। वह खौलता हुआ पानी शीतला माता के ऊपर गिरा, जिससे उनके शरीर पर छाले पड़ गए और पूरे शरीर में भयंकर जलन होने लगी। शीतला माता इधर-उधर भागते हुए चिल्लाने लगीं– हाय! मैं जल गई, मेरा शरीर तप रहा है। कोई मेरी सहायता करो।





### कुम्हारन ने की सहायता

अपने घर के बाहर एक कुम्हारन बैठी हुई थी। उसने देखा कि एक बूढ़ी माई बहुत बुरी तरह जल गई है। उसके पूरे शरीर पर छाले पड़ गए हैं और वह जलन सहन नहीं कर पा रही है। कुम्हारन ने करुणा से कहा– माँ, आप यहाँ आकर बैठ जाइए। मैं आपके ऊपर ठंडा पानी डालती हूँ। उस कुम्हारन ने बूढ़ी माई के शरीर पर खूब ठंडा पानी डाला और फिर बोली– माँ, मेरे घर में रात की बनी हुई राबड़ी और थोड़ा दही रखा है। आप दही-राबड़ी खा लीजिए। जब बूढ़ी माई ने ठंडी ज्वार के आटे की राबड़ी और दही खाया, तो उनके शरीर को ठंडक मिली। फिर कुम्हारन बोली– माँ, आपके बाल बिखरे हुए हैं। आइए, मैं आपकी चोटी गूँथ देती हूँ। जब वह कंघी कर रही थी, तभी उसकी दृष्टि बूढ़ी माई के सिर के पीछे पड़ी। उसने देखा कि वहाँ एक आँख छिपी हुई है। यह देखकर वह डर के मारे भागने लगी। तभी बूढ़ी माई ने कहा– रुक जा बेटी, मत डर। मैं कोई भूत-प्रेत नहीं हूँ। मैं शीतला देवी हूँ। मैं तो धरती पर यह देखने आई थी कि कौन मुझे मानता है और कौन मेरी पूजा करता है। इतना कहते ही माता अपने वास्तविक रूप में प्रकट हो गईं–चार भुजाओं वाली, हीरे-जवाहरात के आभूषण धारण किए हुए और सिर पर स्वर्ण मुकुट लगाए हुए, मां के दर्शन कर कुम्हारन बहुत खुश हुई।

### ऐसे बना गधा सवारी

माता के दर्शन कर कुम्हारन सोचने लगी कि अब वह इस माता को कहाँ बैठाए, क्योंकि वह बहुत गरीब थी। माता ने उसके मन की बात जान ली और बोलीं– बेटी, तू किस सोच में पड़ गई है? कुम्हारन ने हाथ जोड़कर, आँखों में आँसू भरते हुए कहा– माँ, मेरे घर में चारों ओर दरिद्रता फैली हुई है। न मेरे पास चौकी है, न बैठने का आसन। मैं आपको कहाँ बैठाऊँ? यह सुनकर शीतला माता प्रसन्न हुईं। उन्होंने कुम्हारन के घर के बाहर खड़े गधे पर बैठकर, एक हाथ में झाड़ू और दूसरे हाथ में डलिया ली। माता ने झाड़ू से उस कुम्हारन के घर की सारी दरिद्रता समेटकर डलिया में भर दी और उसे दूर फेंक दिया। फिर माता ने कहा– बेटी, मैं तेरी सच्ची भक्ति से बहुत प्रसन्न हूँ। अब तू मुझसे कोई भी वरदान माँग ले। कुम्हारन ने हाथ जोड़कर कहा– माँ, मेरी इच्छा है कि आप इसी डुंगरी गाँव में स्थापित होकर यहीं निवास करें। जैसे आपने मेरे घर की दरिद्रता झाड़ू से दूर की है, वैसे ही जो भी व्यक्ति होली के बाद आने वाली सप्तमी को श्रद्धा-भाव से आपकी पूजा करे, आपको ठंडा जल, दही और बासी ठंडा भोजन अर्पित करे–आप उसके घर की दरिद्रता भी दूर करना। आपकी पूजा करने वाली स्त्रियों का अखंड सुहाग बनाए रखना और उनकी गोद सदैव भरी रखना। साथ ही जो पुरुष शीतला सप्तमी के दिन नाई के यहाँ बाल न कटवाए, धोबी को कपड़े न दे, ठंडा जल, नारियल और फूल अर्पित कर परिवार सहित ठंडा-बासी भोजन करे–उसके व्यापार और काम-धंधे में कभी दरिद्रता न आए। माता ने कहा– तथास्तु बेटी। तूने जो भी वरदान माँगे हैं, मैं सब देती हूँ। साथ ही मैं तुझे यह आशीर्वाद देती हूँ कि धरती पर मेरी पूजा का मुख्य अधिकार केवल कुम्हार जाति को ही होगा। उसी दिन से डुंगरी गाँव में शीतला माता की स्थापना हुई और उस गाँव का नाम पड़ा शील की डुंगरी। शील की डुंगरी भारत का एकमात्र मुख्य शीतला माता मंदिर माना जाता है। वहाँ शीतला सप्तमी के अवसर पर विशाल मेला भरता है।

## नानाखेड़ा शांति पैलेस चौराहे पर सुरक्षा नियमों की खुली अनदेखी

# क्रेन पुल के ऊपर भारी सामान चढ़ाती, नीचे से निकल रहे वाहन

### लोगों की जान जोखिम में, हादसे के बाद भी जिम्मेदार एजेंसियां नहीं जागी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इंदौर रोड शांति पैलेस चौराहे पर निर्माणाधीन पुल के नीचे से लगातार वाहनों की आवाजाही हो रही है। हैरानी की बात यह है कि पुल के ऊपर क्रेन से भारी गार्डर और निर्माण सामग्री चढ़ाई जा रही है, जबकि ठीक उसी समय नीचे से दोपहिया और चौपहिया वाहन गुजरते रहते हैं। तकनीकी दृष्टि से यह स्थिति बेहद खतरनाक मानी जाती है, क्योंकि निर्माण कार्य के दौरान ऐसे क्षेत्रों को पूरी तरह प्रतिबंधित रखा जाना चाहिए।मौके की स्थिति यह है कि एक ओर सड़क चौड़ीकरण और दूसरी ओर पुल निर्माण का कार्य चल रहा है। इसके बावजूद ट्रैफिक डायवर्जन की कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं की गई है। दोनों दिशाओं के वाहन एक ही संकरे मार्ग से गुजर रहे हैं, जिससे ट्रैफिक रेंगते हुए निकल रहा है। रात के समय चेतावनी संकेत, बैरिकेडिंग और पर्याप्त रोशनी के अभाव में यह मार्ग और भी जोखिम भरा हो जाता है। आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है।

**सुरक्षा के कोई प्रबंध नहीं–** निर्माण स्थल पर सुरक्षा नियमों का पालन भी सवालों के घेरे में है। विशेषज्ञों के अनुसार जब क्रेन से भारी गार्डर या कंक्रीट संरचनाएं उठाई जाती हैं, तब नीचे के क्षेत्र को पूरी तरह खाली कर सेफ्टी एक्सक्लूजन जोन बनाया जाता है। लेकिन यहां इसके उलट वाहन और पैदल लोग उसी क्षेत्र से गुजरते दिखाई देते हैं।

पिछले दिनों इस पुल के एक पिलर पर काम करते समय झारखंड के एक मजदूर की दबने से मौत हो चुकी है। इसके बावजूद हादसे वाले पिलर के नीचे से ट्रैफिक को नहीं रोका जा रहा है। यह स्थिति निर्माण एजेंसी और निगरानी करने वाली संबंधित विभागीय इकाइयों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।



### मार्ग पर वाहनों का अधिक दबाव रहता

इंदौर और बड़नगर बायपास से आने वाले वाहनों के लिए महाकाल क्षेत्र की ओर जाने वाला प्रमुख रास्ता है, इसलिए यहां यातायात का दबाव भी अधिक रहता है। बावजूद इसके न तो वैकल्पिक मार्ग तैयार किया गया है और न ही ट्रैफिक को व्यवस्थित ढंग से डायवर्ट किया गया है।

### ये सवाल

- पुल निर्माण के दौरान नीचे नो-ट्रैफिक सेफ्टी जोन क्यों नहीं बनाया गया?
- क्रेन से भारी सामान चढ़ाते समय ट्रैफिक चलाने की अनुमति किसने दी?
- मजदूर की मौत के बाद भी हादसे वाले पिलर के नीचे आवाजाही क्यों जारी है?
- क्या निर्माण एजेंसी ने साइट का सेफ्टी ऑडिट और रिस्क असेसमेंट कराया था?
- इतने व्यस्त मार्ग पर ट्रैफिक डायवर्जन और अस्थायी वैकल्पिक मार्ग क्यों नहीं बनाया गया?

# सड़क चौड़ीकरण के विरोध में सराफा बाजार रहा बंद

### व्यापारी बोले-रोड चौड़ी हुई तो कारोबार बंद हो जाएगा, रैली निकालकर विरोध जताया



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गोपाल मंदिर से महाकाल चौराहे तक सड़क चौड़ीकरण के टेंडर जारी होने के बाद व्यापारियों का विरोध शुरू हो गया है। रहवासी महासंघ के आह्वान पर गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, बर्तन बाजार, गुदरी बाजार एवं महाकाल चौराहा के व्यापारियों ने अपना व्यापार-व्यवसाय सोमवार को बंद रखा। व्यापारियों ने प्रशासन पर प्रस्तावित मनमाने चौड़ीकरण का विरोध कर वाहन रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

विरोध को लेकर व्यापारियों ने सोमवार को करीब 200 से अधिक दुकानें बंद रखकर प्रदर्शन किया। इस दौरान व्यापारियों ने पैदल मार्च निकालकर प्रदर्शन किया फिर बाइक रैली से कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर चौड़ीकरण के विरोध में ज्ञापन सौंपा।

व्यापारी जितेश नीमा ने बताया कि सराफा एसोशिएशन, बर्तन बाजार और गुदरी बाजार एसोशिएशन ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर विरोध दर्ज कराया है। व्यापारियों का रोजगार प्रभावित नहीं हो, इसके लिए हमने अधिकारियों को बताया कि मात्र 15 फीट की गहराई वाली दुकानें हैं हमारी। उसमें भी चौड़ीकरण होगा तो हम कहा जाएंगे। रोजगार का संकट खड़ा हो जाएगा, प्रशासन को वैकल्पिक मार्ग सौंदर्यीकरण और ट्रैफिक सहित मार्ग में लगने वाले ठेले को हटाकर व्यवस्था बनानी चाहिए।

### यह है सड़क चौड़ीकरण की योजना

गोपाल मंदिर से महाकाल मार्ग को 20 मीटर (यानि लगभग 65 फीट) चौड़ा बनाने की योजना एमआईसी ने पास की है। जिसके मुताबिक पटनी बाजार, बर्तन बाजार, गुदरी बाजार एवं महाकाल चौराहा तक दोनों ओर 12-12 फीट तक के भवनों एवं दुकानों को तोड़ा जाएगा।

# चौड़ीकरण से परेशानी कांग्रेस ने निगम को घेरा

### दोगुना मुआवजा और चौड़ाई कम करने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में सड़क चौड़ीकरण के काम से हो रही परेशानियों को लेकर शहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर निगम का घेराव किया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि लगातार खुदाई के कारण आम लोगों, दुकानदारों और रहवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कोयला फाटक से नगर निगम तक पैदल मार्च किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक कालूहेड़ा के इस्तीफे की मांग भी उठाई गई। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि शहर के कई क्षेत्रों में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर लगातार खुदाई की जा रही है, जिससे आम नागरिकों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सड़कों पर धूल और अव्यवस्था के कारण आसपास के दुकानदारों का व्यापार प्रभावित हो रहा है, वहीं रहवासी भी परेशान हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जिन लोगों की संपत्तियां इस चौड़ीकरण कार्य में प्रभावित हो रही हैं, उन्हें अब तक उचित मुआवजा नहीं दिया गया है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि प्रस्तावित मार्गों की चौड़ाई को कम किया जाए और प्रभावित लोगों को बाजार मूल्य से दोगुना मुआवजा दिया जाए। साथ ही पीपली नाका और एमआर-4 रोड पर चल रहे चौड़ीकरण कार्य से प्रभावित रहवासियों और व्यापारियों को राहत देने की भी मांग उठाई गई। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो पार्टी जनहित में आगे भी आंदोलन जारी रखेगी। उन्होंने नगर निगम के गेट पर ज्ञापन भी सौंपा। नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि जितने भी चौड़ीकरण के काम चालू हैं, पूरे क्षेत्र के हर चौड़ीकरण मार्ग के रहवासियों और व्यापारियों का विरोध इस बात के लिए है कि उनके मार्गों की चौड़ाई को कम किया जाए।

## श्रीकृष्ण-सुदामा गेर निकलने के बाद 3 डंपर कचरा निकला

# 2 घंटे में 120 कर्मचारियों ने साफ की रोड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सफाई में हमेशा आगे रहने वाले इंदौर से सीख लेकर उज्जैन में भी रंगपंचमी पर हुए खराब हुई सड़कों को कुछ ही देर में साफ कर दिया। रविवार को श्रीकृष्ण सुदामा रंग उत्सव के बाद नगर निगम के सफाई मित्रों ने तत्परता दिखाते हुए पूरे मार्ग को साफ कर स्वच्छता का संदेश दिया। निगम ने इसकी पहले से ही तैयारी की थी। साथ ही शहर में जगह-जगह शीघ्र ही सफाई की।

इस दौरान मार्ग पर रंग, गुलाल, फूल, कपड़े और चप्पलें बड़ी मात्रा में थे, जिन्हें तत्काल साफ किया। 120 से अधिक सफाई मित्रों ने पूरे मार्ग को कम समय में साफ कर स्वच्छ बना दिया। संतनगर चौराहे से टावर चौक तक करीब डेढ़ किलोमीटर के दायरे में फैले कचरे को उठाने के लिए नगर निगम की 120 सफाई कर्मचारियों की टीम मौके पर तैनात रही।

**कचरा भरकर ट्रांसफर स्टेशन भेजा:** दोपहर 1 से 1.30 बजे के बीच जैसे ही रंगपंचमी पर्व का माहौल कम हुआ, सफाई मित्र मौके पर पहुंचे और 2 घंटे तक की सफाई के बाद पूरे क्षेत्र को साफ किया। इसके बाद जेसीबी मशीन की मदद से 3 डंपर कचरा भरकर ट्रांसफर स्टेशन भेजा गया। सफाई मित्रों की तत्परता से कुछ ही समय में पूरे मार्ग को साफ कर क्षेत्र को फिर से स्वच्छ और व्यवस्थित बना दिया गया।



## आपकी खबरें ...

### उज्जैन में होती है सटीक काल गणनाःवैश्विक समय निर्धारण होगा आसान



**उज्जैन।** ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में प्राचीन काल से 'विश्व गुरु' रहे भारत की खगोलीय परंपरा को पुनर्स्थापित करने की दिशा में मध्य प्रदेश का उज्जैन एक ऐतिहासिक कदम उठाने जा रहा है। आगामी 3 से 5 अप्रैल 2026 तक उज्जैन और समीपवर्ती डोंगला में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित होगा। इससे पहले बीएचयू में ह्लमहाकाल : द मास्टर ऑफ टाइमह्व पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ।

**महाकाल की धरता से होती है सटीक काल गणनाः** खगोलशास्त्रियों की मान्यता है कि यह उज्जैन नगरी पृथ्वी और आकाश की सापेक्षता में ठीक मध्य में स्थित है। कालगणना के शास्त्र के लिए इसकी यह स्थिति सदा उपयोगी रही है। इसलिए इसे पूर्व से ह्यग्रीनविचह्व के रूप में भी जाना जाता है। प्राचीन भारत की 'ग्रीनविच' यह नगरी देश के मानचित्र में 23.9 अंश उत्तर अक्षांश एवं 74.75 अंश पूर्व रेखांश पर समुद्र सतह से लगभग 1658 फीट ऊंचाई पर बसी है।

### जलाऊ लकडी की नीलामी के लिए आवेदन आमंत्रित

**उज्जैन।** उपसंचालक उद्यानिकी ने बताया कि शासकीय रोपणी कोठी उज्जैन/मॉडल नर्सरी उज्जैन मे जलाऊ लकडी के लगभग 85 छोटे एवं बड़े पेड नर्सरी की बाउण्ड्रीवाल निर्माण के दौरान हटाये गये है, जिनकी नीलामी 18 मार्च को दोपहर 2.00 बजे से कार्यालय उप संचालक उद्यान जिला उज्जैन में की जाएगी ।लकडी नीलामी की धरोहर राशि रुपये 20000/- (अक्षरी रुपए बीस हजार) नीलामी के पूर्व प्रस्तुत करना होगी तथा नीलामी में भाग ले सकेंगे ।

### महाकाल की भस्म आरती में पहुंचीं टीवी अभिनेत्री कनिका मान

**उज्जैन।** प्रसिद्ध टीवी अभिनेत्री कनिका मान ने मंगलवार सुबह ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर मंदिर में प्रातःकालीन भस्म आरती में शामिल होकर बाबा महाकाल के दर्शन किए। इस दौरान वे भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आईं। पहली बार महाकाल के दरबार पहुंचीं कनिका मान ने भस्म आरती का अद्भुत अनुभव साझा किया।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने सबसे पहले ह्लजय श्री महाकाल, हर-हर महादेवह्व का उद्घोष किया। उन्होंने कहा कि यह उनका महाकाल मंदिर में पहला आगमन है और यहां आकर उन्हें बेहद खास अनुभूति हुई।

निगम अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित

# निगम के विशेष सम्मिलन में 7 प्रस्ताव सवार्नुमति से स्वीकृत

## महाकाल लोक में नवनिर्मित सेतु का नामकरण 'अशोक सेतु' किए जाने व वी.डी. मार्केट तेलीवाड़ा ढाबा रोड होते हुए छोटी पुलिया तक मार्ग चौड़ीकरण में प्रभावित भवनों को मुआवजा देने के प्रस्ताव को भी मिली मंजूरी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

नगर निगम का विशेष सम्मिलन सोमवार को निगम अध्यक्ष कलावती यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सम्मिलन में महापौर मुकेश टटवाल, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा तथा पार्षदगण उपस्थित रहे। बैठक में कार्यसूची के विभिन्न प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया, जिनमें से सात प्रस्तावों को सवार्नुमति से स्वीकृति प्रदान की गई।

सम्मिलन में 30 अक्टूबर 2025 एवं स्थगित सम्मिलन 31 अक्टूबर 2025 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई। इसके अलावा श्री महाकाल लोक परिसर में नवनिर्मित सेतु का नामकरण ह्लअशोक सेतुह्व किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। वी.डी. मार्केट तेलीवाड़ा ढाबा रोड होते हुए छोटी पुलिया तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य में प्रभावित भवनों को मुआवजा देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की गई।

मध्यप्रदेश आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 के अंतर्गत विभिन्न टायपोलॉजी के आउटडोर मीडिया डिवाइस हेतु अनुज्ञप्ति शुल्क निर्धारण के प्रस्ताव को एमआईसी के ठहराव के क्रम में स्वीकृत किया गया। हरिफाटक मार्ग से महाकाल पार्किंग तक चौड़ीकरण कार्य में प्रभावित हितग्राहियों को संशोधित मुआवजा देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिली।



आगर रोड वार्ड क्रं 3 में सामुदायिक भवन के निर्माण स्थल परिवर्तन व जर्जर भवन तोड़ने संबंधी प्रस्ताव पुनः एमआईसी को प्रेषित किया गया। वहीं मेसर्स सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑगेर्नाइजेशन भोपाल द्वारा सीएसआर के तहत पांच अत्याधुनिक सार्वजनिक शौचालय कॉम्प्लेक्स निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। हरी फाटक से महाराजवाड़ा स्कूल होते हुए महाकाल पार्किंग तक चौड़ीकरण कार्य के प्रभावित हितग्राहियों को संशोधित प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक की शुरूआत वंदेमातरम् गान से हुई। इस दौरान निगम अध्यक्ष ने महिला दिवस, होली, रंगपंचमी एवं भारतीय टीम की टी-20 विश्व कप जीत पर शुभकामनाएं भी दीं। सम्मिलन में नेता प्रतिपक्ष रवि राय सहित एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी, डॉ.योगेश्वरी राठौर, प्रकाश शर्मा, रजत मेहता, कैलाश प्रजापत, माया राजेश त्रिवेदी, पंकज चौधरी, सपना सांखला, अर्पित दुबे, नीलम राज कालरा सहित अन्य पार्षदों ने चर्चा में भाग लिया।

इंदौर विकासखंड शिक्षा कार्यालय फिर सुर्खियों मे

# अपात्र और पूर्व बाबू कर्मचारी कर रहे कार्य

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर विकास खंड शिक्षा कार्यालय आजकल शिक्षा विभाग के गलियारों मे सुर्खियों मे है ।ऐसे तो यह आफिस कई मांमलो मे प्रकाश मे आया है लेकिन ताजा मांमला नये प्रभारी की उदासिनता के कारण है.इस कार्यालय मे शिक्षाविभाग के कर्मचारियों के महत्वपूर्ण कार्य सेवानिवृत्ती .जी.पी. एफ.पेंशन. प्रकरण .एन पी एस पेंशन.ऐरियर वेतन आदि के कार्य किये जाते है।

बताया जा रहा है कि इस कार्यालय मे कई अपात्र कर्मचारी व पुर्व बाबु के हस्तक्षेप द्वारा

कई महत्वपूर्ण कार्य जिसमे जांच रिपोर्ट पेंशन प्रकरण व अन्य कार्य करवाये जा रहै है।

जो शासन के नियमों मे नही आते है अगर इन कर्मचारियों द्वारा किसी महत्वपूर्ण कार्य मे विसंगति होती है तो इनका जिम्मेदार कौन होगा .आने वाले कर्मचारियों का कहना है कि कर्मचारियों को बार बार बुलवाया जाता है और कार्य नही किया जाता है किस कारण से कार्य नही किया जाता है ।यह समझ से परे है।

कर्मचारियों का कहना है कि इसकी शिकायत संभागायुक्त व कलेक्टर से की जायेगी।



# आरटीई के तहत निजी स्कूलों में निशुल्क प्रवेश के लिए आवेदन 13 मार्च से

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षाओं में निशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 13 मार्च से शुरू होगी। आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र का प्रारूप और आवश्यक निर्देश आरटीई पोर्टल पर उपलब्ध कराए गए हैं।

जारी समय-सारिणी के अनुसार आवेदकों का चयन 2 अप्रैल को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों एवं उनमें उपलब्ध सीटों की जानकारी 9 मार्च से आरटीई पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएगी।

वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के अभिभावक 13 मार्च से 28 मार्च के बीच ऑनलाइन आवेदन कर पंजीयन करा सकते हैं। आवेदन के साथ पात्रता से संबंधित किसी एक आवश्यक दस्तावेज को अपलोड करना अनिवार्य होगा। नर्सरी, केजी-1 और केजी-2 कक्षाओं में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 3 वर्ष से साढ़े 4 वर्ष तथा कक्षा पहली में प्रवेश के लिए 6 वर्ष से साढ़े 7 वर्ष तक निर्धारित की गई है।

**14 से 30 मार्च तक दस्तावेजों का सत्यापन**

ऑनलाइन आवेदन के बाद आवेदकों को इसी अवधि में त्रुटि सुधार का अवसर भी दिया जाएगा। 14 मार्च से 30 मार्च तक दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित संकुल केंद्र के स्कूल में अधिकृत सत्यापनकर्ता अधिकारी द्वारा किया जाएगा। आवेदक जिस कैटेगरी या निवास क्षेत्र के आधार पर प्रवेश लेना चाहते हैं, उसका सत्यापन मूल दस्तावेजों से किया जाएगा।

ऑनलाइन आवेदन में किसी प्रकार की समस्या आने पर आवेदक संबंधित विकासखंड के सीआरसी अकार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। 2 अप्रैल को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से विद्यार्थियों को निजी स्कूलों में सीट आवंटित की जाएगी। इसके बाद आवंटित स्कूल की जानकारी आवेदक को उसके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से दी जाएगी।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत किए जा सकेंगे पुत्री के विवाह के लिए आवेदन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सहायक श्रमायुक्त ने जानकारी दी कि मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह के तहत निर्धारित आगामी विवाह तिथि दिनांक 19.04.2026 (अक्षय तृतीया) एवं 20.11.2026 (देवउठनी ग्यारस) एवं जिला कलेक्टर द्वारा निर्धारित अतिरिक्त तिथियों पर सामूहिक विवाह का आयोजन होना प्रस्तावित है।

उक्त तिथियों पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग में संपर्क/आवेदन कर आयोजित सामूहिक विवाह में हितग्राही अपनी पुत्री को योजना के अंतर्गत लाभांवित कर सकते है।

# ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को सहकारी समितियों से जोड़कर लाभ दिलाया जाने के निर्देश- बंसल

## भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव पंकज कुमार बंसल ने डीसीडीसी की बैठक ली

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सहकारिता मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव पंकज कुमार बंसल ने ली सोमवार को जिला सहकारी विकास समिति (डीसीडीसी) की बैठक। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के माध्यम से जिले में सहकारिता के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी गई। बैठक में अतिरिक्त सचिव बंसल के निर्देश दिए कि जिले में सरकारी दुग्ध समिति, मत्स्य समितियों का अधिक से अधिक पंजीयन करा कर दुग्ध उत्पादन करने वाले किसान और मछली उत्पादन में जुड़े लोगों को लाभ दिलाया जाए।

बैठक में जिला पंचायत के सीईओ श्री श्रेयांस कूमट भी मौजूद थे ।सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन स्थित कलेक्टर सभागार में सोमवार को भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव श्री पंकज कुमार बंसल ने जिला सहकारी विकास समिति की बैठक ली। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों को एम पैक्स, डेयरी, मत्स्य सहकारी संस्थाओं के कार्यक्षेत्र के कवरेज में लाया जा रहा है।

भारत सरकार की सहकारिता मंत्रालय की अपेक्षा अनुसार जिले में वर्तमान में कुल 609 ग्राम पंचायत है, इनमें 172 में पैक्स 465 डेरी समितियां और 33 मत्स्य समितियां पंजीकृत है ।जिले में 34 नए बी-पैक्स में से 22 भी बी-पैक्स को पुनर्गठित कर 22 नए बी-पैक्स का पंजीयन किया जा चुका है। इसी तरह एनसीडीसी द्वारा तीन ब्लॉक बडनगर, उज्जैन और तराना में एक-एक पैक्स में एफपीओ का गठन किया जाना प्रस्तावित है। जिले की समस्त 172 पैक्स संस्थाओं में कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) की स्थापना की गई है। संस्थाओं द्वारा बिजली बिल भरना, फोन रिचार्ज, पीएम किसान रजिस्ट्रेशन, फास्टेग रिचार्ज आदि कार्य (सीएससी) के माध्यम से किया जा रहा है। संस्थाओं द्वारा विगत 1 वर्ष में राशि 10.15 लाख का व्यवसाय किया गया है।



ग्रामीण बोले- सरकारी संपत्ति निजी जैसी दिखने लगी, कार्रवाई की जाए

# आंगनवाड़ी भवन पर सरपंच ने खुद का नाम लिखवाया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

खाचरोद जनपद पंचायत के लोहचितारा गांव में नवनिर्मित सरकारी आंगनवाड़ी भवन पर सरपंच का नाम लिखे जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। ग्राम पंचायत के बनाए गए इस भवन पर सरपंच ने अपना नाम स्थायी रूप से लिखवा दिया है, जिसे लेकर ग्रामीणों ने आपत्ति जताई है।

महिला और बाल विकास विभाग ने लोहचितारा गांव में करीब 11 लाख 22 हजार रुपए की लागत से यह आंगनवाड़ी भवन बनवाया है। इस काम की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत गोठड़ा की थी। भवन का काम पूरा होते ही सरपंच गजेंद्र दरबार सिंह राठौर ने इसके छज्जे पर सीमेंट से बड़े अक्षरों में अपना नाम लिखवा दिया।




### नियमों के विरुद्ध है यह काम

जानकारों और ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी भवनों पर आमतौर पर सूचना पट्ट या शिलालेख (पत्थर) लगाया जाता है, जिस पर काम की लागत, योजना और जनप्रतिनिधियों के नाम होते हैं। लेकिन किसी एक व्यक्ति का नाम स्थायी रूप से भवन पर इस तरह लिखवाना नियमों के खिलाफ है। शिकायतकर्ता देवेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि इससे सरकारी भवन निजी संपत्ति जैसा दिखने लगा है।

### प्रशासन से की गई शिकायत

इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने खाचरोद जनपद पंचायत से लेकर सीएम हेल्पलाइन तक अपनी शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों की मांग है कि सरकारी संपत्ति से यह नाम हटाया जाए। हालांकि, अधिकारियों ने जांच का भरोसा दिया है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

दैनिक अवन्तिका
स्वागतम् 2026
तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर




श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर वितरित
हिन्दू नववर्ष नव संवतसर पर पंचांग-तिथि कैलेंडर
हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर

9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777

# प्रेम के दुर्लभ क्षण



हम संबंधों में प्रेम की बात करते हैं, पर क्या वास्तव में प्रेम करते हैं? जिस प्रकार हम अपनी पत्नी, बच्चों, पड़ोसियों, मित्रों के साथ व्यवहार करते हैं, वह इस बात का सूचक है कि वास्तव में हमारे संबंधों में प्रेम है ही नहीं। वह केवल तुष्टि की ही एक पारस्परिक खोज है। ऐसी स्थिति में संबंध का क्या प्रयोजन है? इसका आखिर मतलब क्या है?

संबंध वास्तव में स्व के खुलासे की प्रक्रिया है, जो स्वबोध की ही प्रक्रिया है। इस खुलासे में कई कटु बातें होती हैं, अनेक अशांत व बेचैन करने वाले विचार और क्रियाकलाप होते हैं, क्योंकि जो भी हमें पता लगता है, वह भाता नहीं है, इसलिए हम अप्रिय संबंधों से प्रिय संबंधों की ओर भागते हैं। अतः जब हम सिर्फ पारस्परिक परितुष्टि की खोज कर रहे हैं, तब संबंध का कोई मतलब नहीं है। जब संबंध स्व की असलियत के पता चलने का, इसकी समझ का साधन बनता है, तब यह असाधारण रूप से अर्थपूर्ण हो जाता है।

प्रेम में संबंध नहीं हुआ करता। जब आप प्रेम करते हैं और अपने प्रेम का बदला चाहते हैं, संबंध वाली बात तभी होती है। जब आप प्रेम करते हैं, यानी जब आप अपने आप को पूरी तरह से, बिना किसी शर्त के समर्पित कर देते हैं, तब संबंध थोड़े होता है। प्रेम में कोई संघर्ष नहीं होता। वहां कोई अन्य होता ही नहीं, वहां पूर्ण एकत्व होता है। वह अभेद की, अस्तित्व की समग्रता की स्थिति होती है। ऐसे दुर्लभ, प्रमुदित और आनंदमय क्षण तभी होते हैं, जब पूर्ण प्रेम, पूर्ण आत्मीयता होती है।

अक्सर होता यह है कि प्रेम की अहमियत नहीं रहती, बल्कि प्रेमपात्र अहम बन जाता है, खुद प्रेम नहीं। जब शारीरिक या वैचारिक कारणों से, परितुष्टि, आराम या किसी अन्य ख्वाहिश की वजह से प्रेमपात्र महत्वपूर्ण और प्रेम गौण हो जाता है, तब अधिकार, ईर्ष्या और आवश्यकताएं द्वंद्व उत्पन्न करती हैं। प्रेम जितना अधिक गौण होता जाता है, पीछे हटता जाता है, संबंध का मसला उतना ही बेमानी और खोखला होता जाता है। अतः प्रेम को समझना बहुत दुष्कर कार्यों में से एक है।

बौद्धिक आवश्यकता से प्रेम का जन्म नहीं होता। उसे किसी प्रकार की पद्धति, साधन अथवा अनुशासन से नहीं लाया जा सकता। यह अस्तित्व की सहज अवस्था है, जो स्व की क्रियाओं के अंत होने पर होती है; परंतु यदि उन क्रियाओं का आप दमन करेंगे, उनसे बचेंगे या उनको अनुशासित करेंगे, तो उनका अंत नहीं हो पाएगा। इसके लिए हमें स्व की क्रियाओं को चेतना के विभिन्न स्तरों पर समझना होगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि ऐसे क्षण आते हैं, जब हम बस प्रेम करते हैं, उन क्षणों में कोई विचार, कोई प्रयोजन नहीं होता, परंतु ऐसे क्षण बड़े दुर्लभ होते हैं।



**सम्पादकीय**

## युद्ध के दुष्प्रभाव

पश्चिम एशिया में संघर्ष की जो आग लगी है, उसकी आंच से भारत भी कुछ तपने लगा है। ईरान पर हमले और जवाबी कार्रवाई से उपजे पश्चिम एशिया संकट की वैश्विक लहरों का सीधा असर सोमवार को शेयर बाजारों में देखा गया। विश्व में बढ़े तनाव से भारतीय राजनीति भी प्रभावित हो रही है और दिल्ली में संसद के चालू सत्र में इसका असर साफ दिख रहा है। अकेले सोमवार को ही भारतीय शेयर बाजार से 25 लाख करोड़ रुपये का सफाया हो गया। यह भारतीय शेयर बाजार में पिछले छह वर्षों में हुई सबसे बड़ी गिरावट है। वैसे, शेयर बाजार 28 फरवरी से ही मुश्किल में है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में तीन प्रतिशत अर्थात 2500 अंकों से अधिक गिरावट दर्ज हुई है। आगे स्थिति क्या रहेगी, कहना मुश्किल है। केंद्र सरकार को प्रयास करने होंगे, ताकि बाजार में हो रही गिरावट को थामा जा सके। सरकार को आर्थिक पैकेज पर विचार शुरू कर देना चाहिए। यह अच्छी बात है कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड ऊंचाई पर है और यह सरकार के लिए बड़ी ताकत है। विश्व व्यवस्था में तनाव बढ़ता गया, तो विदेशी निवेशकों की भारत से दूरी बढ़ेगी। इसका असर अर्थव्यवस्था पर पड़ना तय है।

पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष से सबसे पहली चिंता यह उपजी है कि युद्ध की वजह से आपूर्ति श्रृंखला टूटने लगी है। खासकर तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिसका असर कीमतों पर पड़ने लगा है। यह बहुत अफसोस की बात है कि संघर्ष में शामिल देश तेल डिपो, तेल संयंत्रों पर भी हमले कर रहे हैं। संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, कतर, ओमान जैसे महत्वपूर्ण देशों से तेल की आपूर्ति प्रभावित हुई है। ड्रोन हमलों की वजह से पूरा तेल उद्योग चिंता में है। तेल उत्पादक देशों के लिए ही नहीं, तेल की ज्यादा खपत वाले देशों के लिए भी परेशानियों का नया दौर शुरू हो गया है। भारत सरकार को ध्यान रखना होगा कि देश में तेल या गैस की कमी न होने पाए। संघर्ष ने एलपीजी अर्थात घरेलू गैस के दो मुख्य घटकों, प्रोपेन और ब्यूटेन की आपूर्ति को बाधित कर दिया है। तेल और गैस के नए स्रोत तलाशने होंगे। रूस की मदद लेने से हमें हिचकना नहीं चाहिए और अपने हित को सबसे ऊपर रखते हुए फैसले लेने चाहिए। भारत एक बड़ी आबादी वाला देश है और यहां सरकार को ज्यादा सजग रहना होगा, ताकि महंगाई को काबू में रखा जा सके। समय आ गया है, जब सरकार को आम लोगों के हित में ज्यादा मुस्तैदी से खड़ा होना पड़ेगा।

### भविष्य की दिशा का संकल्प

# संघ द्वारा चलाए जा रहे पंच परिवर्तन कार्यक्रम से समाज परिवर्तन सम्भव

आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं और यदि हम संघ की 100 वर्षों की यात्रा पर दृष्टि डालें, तो ध्यान में आता है कि संघ के स्वयसेवकों ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में विचार और क्रियाशीलता के स्तर पर सक्रिय योगदान दिया है। वे अनेक क्षेत्रों में परिवर्तन के वाहक भी बने हैं। प्रारम्भ का सीमित संघ कार्य, समय के साथ व्यापक होता गया है। समाज की विभिन्न आवश्यकताओं को समझते हुए स्वयंसेवक विविध आयामों में अपने सहयोगियों के साथ क्रियाशील बने हैं। परिणामतः संघ के उद्देश्य के अनुरूप, देश में हिंदुत्व का जागरण करने की दिशा में विशेष प्रगति हुई है। हिंदुत्व के जागरण से, समाज में जाति, वर्ग, भाषा इत्यादि के आधार पर होने वाले अनेक प्रकार के भेदभाव, धीरे धीरे कम होने लगे हैं। श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन, अयोध्या मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा, कुम्भ जैसे विराट आयोजन इत्यादि अनेक ऐसे अवसर आए हैं - जहां हिंदू समाज का एक संगठित, भव्य और उच्च आदर्शों से युक्त स्वरूप सामने आया है। यह दृश्य समाज में आत्मविश्वास जगाने वाला बन रहा है। हम सब मिलकर देश के भविष्य को उज्जवल एवं सुदृढ़ बना सकते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सकारात्मक वातावरण निर्मित कर सकते हैं। इसलिए ये हमारी राष्ट्रीय एकात्मता को सुदृढ़ करने वाले आयोजन सिद्ध हुए हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष केवल इतिहास की उपलब्धियां नहीं है, बल्कि भविष्य की दिशा का संकल्प हैं।



प्रहलाद सबनानी
(दैनिक अवन्तिका)

आज, जब हम राष्ट्रीयस्वयं संघ की 100 वर्षों की इस यात्रा को देखते हैं, तो यह भी स्पष्ट होता है कि समाज में जिस परिवर्तन के लिए संघ के स्वयंसेवक सक्रिय रहे हैं वह अब दिखाई देने लगा है। हिंदुत्व और इसकी परम्पराओं पर लोगों का विश्वास बढ़ा है। समाज के अनेक लोग इस तथ्य को स्वीकार कर रहे हैं और इसका अनुभव भी कर रहे हैं। हिंदुत्व की इस जागृति के कारण लोग अब हिंदू होने में गर्व का अनुभव कर रहे हैं। एक समय था जब सार्वजनिक जीवन में हिंदू समाज की कमियों को ही उजागर किया जाता था, जिससे अनेक लोग हिंदुत्व की अच्छाईयों को पहचान नहीं पाए, किंतु अब स्थिति बदल रही है। लोग अपने पूर्वजों के धर्म और परम्पराओं को महत्व देने लगे हैं। वे अपने बच्चों के नामकरण से लेकर विवाह पद्धति तक में हिंदू संस्कारों का समावेश कर रहे हैं। घर की परम्पराओं को आदरपूर्वक अपनाया जा रहा है।

उक्त वर्णित सम्पूर्ण प्रक्रिया का उद्देश्य है - एक सच्चरित्र, प्रामाणिक और संस्कारवान पीढ़ी का निर्माण करना। ऐसी पीढ़ी समाज का वातावरण सुधार कर घर और समाज में सुख शांति स्थापित कर सकती है। इसलिए, इन मूल्यों और संस्कारों को महत्व देने और उन्हें अपने जीवन में उतारने के प्रयास आज घर घर में होने लगा हैं। लोग अब ऐसे सभी मंचों और माध्यमों से जुड़ने के लिए प्रयत्नशील हैं जो इस दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। संघ को भी लोग इस दृष्टि से एक महत्वपूर्ण माध्यम मानने लगे हैं और विश्वासपूर्वक संघ से जुड़ने का उत्साह दिखा रहे हैं। जैसे जैसे हिंदुत्व पर विश्वास बढ़ रहा है, वैसे वैसे भारत के प्रति श्रद्धा और विश्वास, व्यापक और गहरा हो रहा है। संघ का मानना है कि ह्लवसुधैव कुटुंबकम्ह्ण के आदर्श पर चलकर भारत न केवल अपने समाज को सशक्त करेगा, बल्कि पूरी दुनिया को शांति, सद्भाव और सहयोग का संदेश देकर विश्वगुरु की भूमिका निभाएगा। यह सब भारतीय समाज में परिवर्तन लाकर ही फलिभूत हो सकता है। संघ द्वारा अपनी स्थापना के समय लिए गए संकल्पों को शीघ्र ही पूर्ण करने के उद्देश्य से अपने इस शताब्दी वर्ष में कुछ विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय समाज को (1) अपने नागरिक कर्तव्यों के प्रति सजग करने, (2) पर्यावरण के प्रति सचेत करने, (3) नागरिकों में स्व के भाव को जगाने एवं स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने, (4) कुटुम्ब प्रबोधन के माध्यम से पारिवारिक भावना जागृत करने एवं (5) समाज में समरसता के भाव को सुदृद्ध करने के लिए गम्भीर प्रयास किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम को ह्लपंच परिवर्तनह्ण का नाम दिया गया है और इसका आह्वान परम पूजनीय सर संघचालक श्री मोहन जी भागवत द्वारा किया गया है ताकि अनुशासन एवं देशभक्ति से ओतप्रोत युवा वर्ग अनुशासित होकर अपने देश को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करे। इस पंच परिवर्तन कार्यक्रम को सुचारू रूप से लागू कर समाज में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है।

व्यवहार में पंच परिवर्तन को समाज में किस प्रकार लागू करना है इस हेतु हम समस्त भारतीय नागरिकों को मिलकर प्रयास करने होंगे, क्योंकि पंच परिवर्तन केवल चिंतन, मनन अथवा बहस का विषय नहीं है बल्कि इस हमें अपने व्यवहार में उतारने की आवश्यकता है। उक्त पांचों आचरणात्मक बातों का समाज में होना सभी चाहते हैं, अतः छोटी-छोटी बातों से प्रारंभ कर उनके अभ्यास के द्वारा इस आचरण को अपने स्वभाव में लाने का सतत प्रयास अवश्य करना होगा। जैसे, समाज के आचरण में, उच्चारण में संपूर्ण समाज और देश के प्रति अपनत्व की भावना प्रकट हो, प्रत्येक घर में सप्ताह में कम से कम एक बार पूजा या धार्मिक आयोजन हो एवं अपने परिवार के बच्चों के साथ बैठकर महापुरुषों के सम्बंध में सप्ताह में कम से कम एक घंटे चर्चा हो, परिवार के सभी सदस्यों में नित्य मंगल संवाद, संस्कारित व्यवहार व संवेदनशीलता बनी रहे, बढ़ती रहे व उनके द्वारा समाज की सेवा होती रहे, आदि बातों का ध्यान रखकर कुटुंब प्रबोधन जैसे विषय को आगे बढ़ाया जा सकता है।

मंदिर, पानी, श्मशान के सम्बंध में कहीं भेदभाव बाकी है, तो वह शीघ्र ही समाप्त होना चाहिए। हम लोग अपने परिवार सहित त्यौहारों के समय अनुसूचित जाति के बंधुओं के घर जाएं और उनके साथ चाय पान करें। साथ ही, हम अनुसूचित जाति के बंधुओं को सपरिवार अपने परिवार में बुलाकर सम्मान प्रदान करें। कुल मिलाकर समस्त समाज एक दूसरे के त्यौहारों में शामिल हों ताकि आपस में भाई चारा बढ़े एवं देश में सामाजिक समरसता स्थापित हो सके। सृष्टि के साथ संबंधों का आचरण अपने घर से पानी बचाकर, प्लास्टिक हटाकर व घर आंगन में तथा आसपास हरियाली बढ़ाकर हो सकता है। अपने घरों में जल का कोई अपव्यय नहीं हो रहा है एवं अपने परिवार में हरियाली की चिंता की जा रही है।

## बफे की प्लेट

भारतीय विवाहों में 'शांति' केवल उसी क्षण तक रहती है जब तक पंडित जी मंत्र पढ़ते हैं। जैसे ही लाउडस्पीकर पर घोषणा होती है– ₹भोजन शुरू हो चुका है₹, शांति का स्थान वह 'गृहयुद्ध' ले लेता है जिसे सभ्य भाषा में 'डिनर' कहा जाता है। यह वह समय होता है जब मनुष्य अपनी सभ्यता की केंचुल उतारकर सीधे प्रागैतिहासिक काल के शिकारी मोड में आ जाता है।

हमारे परिचित हैं–पंडित राधेलाल। राधेलाल जी वैसे तो बड़े संयमी हैं, लेकिन बफे के काउंटर पर पहुँचते ही उनकी आत्मा में कोई 'सिविल इंजीनियर' जाग जाता है। उनके लिए प्लेट केवल एक बर्तन नहीं, बल्कि एक 'प्लॉट' है जिस पर उन्हें बहुमंजिला इमारत खड़ी करनी है।

बफे की शुरूआत 'स्टार्टर' से होती है। नियम कहता है कि पहले पनीर टिक्का उठाइए, फिर मुख्य भोजन की ओर बढ़िए। पर राधेलाल जी का अपना 'वास्तु शास्त्र' है। वे प्लेट के ठीक बीचों-बीच चावल की एक विशाल टेकरी खड़ी करते हैं। यह टेकरी 'नींव' का काम करती है। फिर उस पर पनीर की सब्जी का 'लेंडर' पड़ता है। बगल में दाल मखनी की एक 'झील' बनाई जाती है, जिसका बाँध केवल एक 'नान' के टुकड़े से रोका जाता है।

राधेलाल जी की प्लेट देखना किसी अजूबे से कम नहीं। नीचे नूडल्स की घास उगी होती है, जिसके ऊपर मंचूरियन के पत्थर पड़े होते हैं, और सबसे ऊपर रसमलाई का झंडा लहरा रहा होता है। उनकी प्लेट में 'धर्मनिरपेक्षता' का ऐसा अद्भुत संगम होता है कि शाही पनीर और दही-बड़ा एक ही 'पिन कोड' पर साथ-साथ रहते हैं। वे इस कला में इतने निपुण हैं कि अगर वे गलती से प्लेट हिला भी दें, तो गुरुत्वाकर्षण का नियम भी हार मान जाए, पर एक भी बूंद रायता नीचे न गिरे।

जब वे प्लेट लेकर महफिल के बीच पहुँचते हैं, तो लोग उन्हें सम्मान से रास्ता देते हैं। उन्हें डर होता है कि अगर राधेलाल जी से कोई टकराया, तो रसमलाई का वह 'टॉप फ्लोर' सीधे किसी के रेशमी कुर्ते पर 'लैंड' करेगा। राधेलाल जी बड़े गर्व से अपनी उस 'प्लेट रूपी प्रदर्शनी' को निहारते हुए ऐसे चलते हैं जैसे सम्राट अशोक कलिंग विजय के बाद लौटे हों।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 11 मार्च 2026 बुधवार
सूर्योदय - 06:43 सूर्यास्त 18:31
चैत्र मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - अष्टमी अगले दिन 06:30 तक उपरांत नवमी
नक्षत्र - मूल 24:44 उपरांत पूर्वाषाढा
योग - सिद्धि 09:58 उपरांत व्यतिपात
करण - तैतिल
चन्द्रमा - दिन पूर्ण धनु में रहेगा ।
मुस्लिम मास - रमजान मास 21 तारिख

**मेष-** आज रुका धन मिलेगा। मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी।

**वृषभ-** जीवनसाथी पर आपसी मेहरबानी रहेगी। जल्दबाजी में धनहानि हो सकती है। व्यवसाय में वृद्धि होगी। चिंता में कमी होगी।

**मिथुन-** नौकरी में सुकून रहेगा। निवेश लाभप्रद रहेगा। कार्य बनेंगे। घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे। नए लोगों से संपर्क होगा।

**कर्क-** घर-बाहर अशांति रहेगी। कार्य में रुकावट होगी। आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा।

**सिंह-** बेवजह लोगों से कहासुनी हो सकती है। दुःखद समाचार मिलने से नकारात्मकता बढ़ेगी।

**कन्या-** व्यवसाय से संतुष्टि नहीं रहेगी। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। जल्दबाज न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**तुला-** उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा।

**वृश्चिक-** अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**धनु-** नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। जुए, सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे।

**मकर-** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी।

**कुंभ-** प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। नौकरी में वर्चस्व स्थापित होगा। आय के स्रोत बढ़ सकते हैं।

**मीन-** व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। घर-बाहर सहयोग व प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

**समसामयिक**

## नारी ना कभी हारी



मोनिका डागा
(दैनिक अवन्तिका)

घर बाहर में आपसी तालमेल बनाना,
इन जिम्मेदारियों को सकुशल निभाना,
बहुत कठिन होता है सामंजस्य बैठाना,
आलोचनाओं को सहकर भी मुस्कुराना ।
बहुत सीमाएं लकीरें रास्ते में होती खड़ी,
सपनों की ये उड़ान होती मुश्किल बड़ी,
बदल कर तस्वीर उसने पार करी ये घड़ी,
आज नारी हौसलों से नर पर भारी पड़ी ।
बनाई नारी ने अपनी एक खास पहचान,
पार किए सूझ-बूझ से दुष्कर व्यवधान,
घोली आनंद मिठास रिश्तों के दरम्यान,
मेहनत हिम्मत से पूरे किए अपने अरमान ।
बनकर मिसाल बाधाओं को किया जो चूर,
आज हर क्षेत्र में बनी वो महारथी व मशहूर,
नारी को कहते थे जो घर तक सीमित मजबूर,
आज वे ठोक बजा यश उसका गाते भरपूर ।
योगदान विश्व में नारी शक्ति का है भारी,
आज जिसके समक्ष दुनिया झुकती सारी,
न रही वो अबला, मासूम, बेकार, बेचारी,
नारी ना कभी हारी नारी से सृष्टि है सारी ।

## वेदना

ना घर ,ना घौंसला मुंडेरो और कुछ बचे पेड़ों पर
बैठकर गौरय्या ये सोच रही कि -
इंसानों को रहने के लिए कुछ तो है
सीमेंट कंक्रीट के मकान होने से
क्या मेरे लिए कुछ भी नहीं है
मेरे शहर में
ची -ची बोल के बुद्धिजीवी इंसानों से
कह रही हो जैसे इंसानों के हितों के साथ
हमारे हितों का भी ध्यान रखो
क्योंकि हम गौरैया पक्षी है`
कई प्रकार के विकिरण के प्रभाव से
वैसे ही हमारी प्रजाति कम हो रही.
नहीं तो गाते रह जाओगे छु न -छु न करती आई चिड़िया
दाल का दाना ले चिड़िया। ... और यह सवाल अनुतरित
बन रह जायेगा महज किताबों में और नन्हे बच्चों के दिलो में

## मोहमाया और इजाजत...!

ना जाने ऐसी वह कौन-सी घड़ी थी,
कैसे 'मोहमाया में लिपटी' खड़ी थी।
आने की इजाजत दे 'मौन' पड़ी थी,
लापता आफत दरवाजे पे खड़ी थी।
यूं कितनी चुप्पी साधे रखेगा इंसान,
हमारे आसपास ही खड़े हुए शैतान।
यहाँ सिर पे नाच रहे हैं बनके हैवान,
हम हैं वरिष्ठ नागरिक यह है जवान।
इनसे न जाने कब तक छूटेगा पीछा,
जमाने के सामने दिखा रहे हैं निचा।
इन्हें पाल-पोसकर हमने ही है सिचा,
हे रब दे सदबुद्धि यहीं हमारी इच्छा।



संजय एम. तराणेकर
(दैनिक अवन्तिका)

# महिलाओं में थायराइड की समस्या के शुरूआती लक्षण, न करें इन्हें नजरअंदाज

क्या आप भी नींद से जुड़ी दिक्कतों का सामना करते हैं या फिर ब्रेन फॉग या मासिक धर्म से जुड़ी अनियमितता आपकी परेशानी की वजह हैं। अगर जवाब हां है तो आपको थायराइड की समस्या हो सकती है। आइए जानते हैं महिलाओं में क्या हैं थायराइड की समस्या के शुरूआती लक्षण। थायराइड एक तितली के आकार की ग्रंथि है जो गर्दन में श्वासनली (विंडपाइप) के सामने होती है। थायराइड का कार्य हार्मोन को स्त्रावित करना है जो बॉडी फंक्शन को बदलता और मैनेज करता है। थायरोक्सिन और ट्राईआयोडोथायरोनिन थायराइड हार्मोन हैं। जिनका शरीर के महत्वपूर्ण कार्यों के नियमन में बहुत बड़ी भूमिका होती है। इस ग्रंथि की खराबी से वजन बढ़ने या घटने, हृदय से जुड़ी समस्याओं से लेकर बांझपन तक कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

जब थायरॉयड ग्रंथि आवश्यक हार्मोन से कम उत्पादन करती है, तो स्थिति को हाइपोथायरायडिज्म कहा जाता है, जबकि आवश्यकता से अधिक हार्मोन हाइपरथायरायडिज्म का कारण बन सकता है। महिलाओं में थायराइड होने की संभावना (विशेष रूप से गर्भावस्था और रजोनिवृत्ति के ठीक बाद) पुरुषों की तुलना में अधिक बनी रहती है। यही वजह है कि महिलाओं को सेहत से जुड़े इन लक्षणों पर



खास ध्यान देने की जरूरत होती है। आंकड़ों की मानें तो दुनिया भर में हर 8 में से एक महिला थायराइड रोग से पीड़ित है। बावजूद इसके 60 फीसदी महिलाओं को इसके लक्षण तक पता नहीं हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि थायराइड के लक्षण कई अन्य रोगों से मिले जुले होते हैं।

### थकान और कमजोरी-

ऐसे समय में जब थकान और ऊर्जा की कमी की समस्या लोगों के बीच बेहद आम हो गई है, किसी गंभीर चीज के संकेत के रूप में उन्हें नजरअंदाज करना आसान हो जाता है। अनियमित थकान और लंबे समय से चली आ रही थकावट थायराइड की समस्या के चेतावनी संकेत हो सकते हैं। चूंकि थायरॉयड ग्रंथि चयापचय को नियंत्रित करती है, एक अति सक्रिय थायरॉयड चयापचय को तेज करता है और ऊर्जा हानि और कमजोरी का कारण बनता है। इसके विपरीत, एक निष्क्रिय थायराइड चयापचय क्रिया को कम कर सकता है, जिससे आप सुस्त और थका हुआ महसूस कर सकते हैं। थायराइड के कारण होने वाली थकान और कमजोरी के कारण दिल की धड़कन, मांसपेशियों में कमजोरी और जोड़ों में दर्द भी हो सकता है।

### अचानक वजन बढ़ना या कम होना-

चूंकि थायरॉयड ग्रंथि चयापचय में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, वजन में अचानक हुआ कोई भी उतार-चढ़ाव थायराइड का संकेत दे सकता है। शरीर में थायराइड हार्मोन के कम होने पर व्यक्ति का वजन बढ़ने और थायराइड हार्मोन के अत्यधिक बढ़ने पर अचानक वजन कम हो सकता है।

### सर्दी गर्मी के प्रति संवेदनशीलता-

अतिसक्रिय थायराइड की वजह से मेटाबॉलिज्म तेज हो जाता है जिससे शरीर सामान्य से अधिक कैलोरी बर्न करता है। जिसकी वजह से न केवल वजन प्रभावित होता है बल्कि गर्मी और ठंड के प्रति संवेदनशीलता का भी कारण बनता है। जरूरत से ज्यादा गर्मी लगना, अधिक पसीना आना और यहां तक कि चिंता करना भी हाइपरथायरायडिज्म के स्पष्ट संकेत हैं।

**धर्म-आस्था**

# शीतला अष्टमी : आस्था, स्वास्थ्य और प्रकृति के संतुलन का संदेश देने वाला महापर्व

भारतीय संस्कृति में पर्व और त्योहार केवल धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं होते, बल्कि वे जीवन शैली, स्वास्थ्य, प्रकृति और सामाजिक संतुलन के गहरे संदेश भी समाहित किए होते हैं। चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाने वाला शीतला अष्टमी का पर्व इसी परंपरा का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। यह पर्व आस्था के साथ-साथ स्वच्छता, स्वास्थ्य और ऋतु परिवर्तन के वैज्ञानिक संकेतों को भी अपने भीतर समेटे हुए है। लोक परंपरा में इसे ह्लबसोड़ाह्ण के नाम से भी जाना जाता है, जिसका अर्थ है बासी या शीतल भोजन का उत्सव।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

भारतीय जनजीवन में माता शीतला को रोगों से रक्षा करने वाली देवी के रूप में श्रद्धा के साथ पूजित किया जाता है। विशेष रूप से चेचक, खसरा, नेत्र रोग और अन्य संक्रमणों से बचाव के लिए माता शीतला की आराधना की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। धार्मिक ग्रंथों में माता शीतला का स्वरूप अत्यंत प्रतीकात्मक बताया गया है। उनके एक हाथ में कलश है जो आरोग्य और जीवन का प्रतीक माना जाता है, जबकि दूसरे हाथ में झाड़ू है जो स्वच्छता और सफाई का संदेश देता है। उनके साथ नीम के पत्तों का उल्लेख भी मिलता है, जो औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। यह स्वरूप स्वयं इस बात का संकेत देता है कि स्वास्थ्य की रक्षा के लिए स्वच्छता और प्रकृति के औषधीय तत्व कितने महत्वपूर्ण हैं। चैत्र का महीना ऋतु परिवर्तन का समय होता है। इस काल में शीत ऋतु विदा लेकर ग्रीष्म ऋतु का आरंभ होता है। शरीर के भीतर भी इस परिवर्तन का प्रभाव दिखाई देता है और अनेक प्रकार के संक्रमण फैलने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे समय में शीतला अष्टमी का पर्व हमें सावधानी, संतुलित भोजन और स्वच्छ जीवन शैली अपनाने का संदेश देता है। इस पर्व की सबसे विशिष्ट परंपरा ह्लबसोड़ाह्ण है। शीतला अष्टमी के दिन घरों में ताजा भोजन नहीं बनाया जाता। इसके बजाय सप्तमी की रात को ही भोजन तैयार कर लिया जाता है और अगले दिन उसी शीतल भोजन का भोग माता को अर्पित किया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार माता शीतला को शीतल वस्तुएं प्रिय हैं और इसलिए उन्हें ठंडा भोजन अर्पित किया जाता है। इस दिन घरों में चूल्हा नहीं जलाया जाता, जो प्रतीकात्मक रूप से यह संदेश देता है कि ऋतु परिवर्तन के समय शरीर को शीतलता प्रदान करने वाले आहार का सेवन करना चाहिए।

इस अवसर पर कई प्रकार के पारंपरिक व्यंजन बनाए जाते हैं जैसे मीठे चावल, पूड़ी, पुआ, कढ़ी और राबड़ी। यह भोजन एक दिन पुराना होने पर भी सुरक्षित रहता है और शरीर को हल्का तथा शीतल बनाए रखने में सहायक माना जाता है। लोक परंपराओं में यह मान्यता भी है कि ऐसा भोजन शरीर को संक्रमण से बचाने में सहायक होता है।

शीतला अष्टमी के पर्व में हल्दी का विशेष महत्व भी उल्लेखनीय है। हल्दी को भारतीय परंपरा में पवित्रता और मंगल का प्रतीक माना जाता है। इस दिन माता शीतला का अभिषेक हल्दी मिले जल से किया जाता है और उसी जल का छिड़काव घर के विभिन्न स्थानों पर किया जाता है। धार्मिक दृष्टि से इसे पवित्रता और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है, जबकि वैज्ञानिक दृष्टि से हल्दी में जीवाणुनाशक गुण पाए जाते हैं। यह प्राकृतिक रूप से संक्रमण को रोकने में सहायक होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में घरों के मुख्य द्वार पर हल्दी के हाथों के छाप लगाने की परंपरा भी प्रचलित है। इसे माता शीतला के संरक्षण का प्रतीक माना जाता है। यह मान्यता है कि इससे घर में सुख-शांति बनी रहती है और नकारात्मक प्रभाव दूर रहते हैं। वास्तव में शीतला अष्टमी का पर्व हमें यह भी याद दिलाता है कि हमारी प्राचीन परंपराओं में स्वास्थ्य संबंधी गहरा ज्ञान निहित है। स्वच्छता, प्राकृतिक औषधियों का उपयोग, संतुलित भोजन और ऋतु के अनुसार जीवन शैली अपनाने की जो सीख इस पर्व के माध्यम से मिलती है, वह आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। आज जब आधुनिक जीवन शैली के कारण अनेक स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं, तब ऐसे पर्व हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर चलने की प्रेरणा देते हैं। शीतला अष्टमी केवल आस्था का पर्व नहीं, बल्कि यह संदेश भी है कि स्वच्छता, सादगी और प्रकृति के नियमों का पालन ही स्वस्थ जीवन की आधारशिला है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1600-2915 चना काबली- 4180-7750, चना बड़ा- 4701-5701, रायड़ा- 5400, बटला- 2600-6111, सोयाबीन- 1622-5704, मसूर- 5091-5976 तिल्ली- 8290, धनिया- 7500 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,61,200, रवा- 1,61,000 चांदी- टंच- 2,69,000 पाट- 2,68,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**

## नेकी की दीवार परिवार ने राजवर्धन का किया सम्मान

**शुजालपुर।** नगर के मिर्ची बाजार स्थित नेकी की दीवार परिसर में यूपीएससी परीक्षा में 666 अंक प्राप्त करने वाले नगर के होनहार छात्र राजवर्धन सिसोदिया का सम्मान किया गया। नेकी की दीवार परिवार द्वारा पुष्पहार पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया। राजवर्धन नगर के सुप्रतिष्ठित समाजसेवी गजेंद्र सिंह सिसोदिया एवं संतोष सिसोदिया के सुपुत्र हैं। उन्होंने अपनी सफलता से यह साबित किया कि दृढ़ संकल्प और मेहनत से लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी प्रभा विनोद जैन की वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य में नेकी की दीवार द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग के बच्चों को स्वादिष्ट मिठाई भी वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान राजवर्धन ने बच्चों से संवाद करते हुए सरल तरीके से पढ़ाई और लक्ष्य प्राप्ति के बारे में मार्गदर्शन भी दिया। कार्यक्रम में अनीश राजपूत, डॉ. अयान शर्मा, संदीप शाह, दीपक गोयल, सिद्धार्थ जैन, ग्रीष्मा शाह, वीणा गोयल, परमजीत कौर खालसा, राजकुमारी अग्रवाल, मीना चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## ओंकारेश्वर महादेव का नीलकंठ स्वरूप का दर्शन की झलक पाने उमड़ा शहर

**शाजापुर।** ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में बाबा का नीलकंठ स्वरूप में भव्य और दिव्य श्रृंगार किया गया। समुद्र मंथन का हलाहल विष पीकर सृष्टि की रक्षा करने वाले महादेव के इस नयनाभिराम रूप को देखकर हर शिवभक्त नतमस्तक हो गया। सोमवार शाम मंदिर पुजारी पंडित ओमप्रकाश गोस्वामी द्वारा बाबा ओंकारेश्वर का विशेष श्रृंगार किया गया। भांग, चंदन, सूखे मेवे, भस्म और सुगन्धित पुष्पों से सजे नीलकंठ महादेव की आकर्षक छटा देखते ही बन रही थी। बाबा के मस्तक पर त्रिपुंड और गले में पुष्पों की माला ने इस स्वरूप को और भी जीवंत कर दिया। शाम के समय मंदिर में ढोल-नगाड़ों और शंख-नाद के साथ महाआरती का भव्य आयोजन हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं का भारी हुजूम उमड़ा। दर्शनार्थियों ने बाबा नीलकंठ के समक्ष शीश नवाकर परिवार और अंचल की सुख-समृद्धि व खुशहाली की मंगल कामना की।

## शीतला सप्तमी पर घरों में बना ठण्डा भोजन, किया माता पूजन



**खाचरोद।** नगर के प्राचीन मंदिर श्री शीतलामाता मंदिर पर शीला सप्तमी पर्व पर रात्रि से महिलाएं पूजन करने के लिये कतारबंध हो गई। शीतलासप्तमी पर्व पर घर घर में ठंडा भोजन कर माँ से परिवार कीकुशलता का आशीर्वाद लिया जाता है। घरों में माता पूजन की तैयारी में पूजन नैवेध बनाये जाते है। मां का पूजन किया जाता है। पूजन के बाद घर घर के मुख्य दरवाजे पर माता के प्रतीक चिन्ह की हाथों से छापे बनाये जाते है। अधिक संख्या में महिलाएँ मंदिर में पूजन के लिए आई।

### भारत के टी-20 वर्ल्ड कप जीतने पर

# मना जश्न, रंगपंचमी पर दिवाली जैसा माहौल आतिशबाजी कर मिठाई बांटी





दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

भारत की टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में शानदार जीत के बाद पूरे देश के साथ-साथ सारंगपुर में भी जश्न का माहौल देखने को मिला। रंग पंचमी के मौके पर शहर में दिवाली जैसा नजारा दिखाई दिया और लोगों ने जमकर खुशियां मनाईं।

**बाजार में जुटे क्रिकेट प्रेमी**

भारत की जीत की खबर मिलते ही शहर के प्रमुख चौराहो पर बडी संख्या में खेल प्रेमी और नागरिक एकत्रित हो गए। युवाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर आतिशबाजी की और ढोल-नगाडों की थाप पर जमकर डांस किया। वहीं संगीत की धुन पर भी लोग थिरकते नजर आए।

**मिठाई बांटकर दी बधाई**

लगातार दूसरी बार विश्व विजेता बनने की खुशी में क्रिकेट प्रेमियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा, जिससे माहौल देशभक्ति के रंग में रंग गया। नागरिकों ने उत्साहपूर्वक टीम इंडिया की जीत का स्वागत किया, जिससे पूरे शहर की रौनक दोगुनी हो गई।

भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर तीसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया। खास बात यह रही कि भारतीय टीम लगातार दो बार टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम बन गई है। इसके साथ ही पहली बार किसी मेजबान टीम ने भी टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता है। भारतीय टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 255 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाई और 159 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह भारत ने 96 रन से शानदार जीत दर्ज की। यह भारत की टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे बडी जीत है तो न्यूजीलैंड के लिए यह फाइनल मुकाबलों में सबसे बडी हार साबित हुई। वही वजह रही कि हर तरफ टीम इंडिया की जीत की गूंज सुनाई देती रही और लोग एक-दूसरे को बधाई देते नजर आए। क्रिकेट प्रेमियों का कहना है कि भारतीय टीम ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह दुनिया की सबसे मजबूत टीमों में से एक है।

**खाचरौद में निकला विजय पर जुलुस**

**खाचरौद।** नगर में टी 20टी पुरूषवर्ग क्रिकेट विश्वकप में भारत बनाम न्युजीलेंण्ड फायनल मेच का सीधा प्रसारण एलईडी की बड़ी स्क्रीन पर लाइव की व्यवस्था धाकड़ महासभा युवा संघ द्वारा धाकड़ धर्मशाला कस्बा पर लगाई गई। साथ ही दर्शको के बैठने की व्यवस्था की गईं। लाईव प्रसारण में नगर के प्रथम नागरीक गोविंद भरावा पार्षदगणो के साथ उपस्थित रहे। बच्चो और युवाओ मेच का आनंद ढोल और आतिशबाजी के साथ लिया गया।



## अमित नगर हाउसिंग सोसाइटी धोखाधड़ी केस में तीन गिरफ्तार

देवास। अमित नगर गृह निर्माण सहकारी समिति से जुड़े धोखाधड़ी मामले में औद्योगिक थाना पुलिस ने मंगलवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई, जिन्होंने लंबे समय से मिल रही शिकायतों का संज्ञान लिया था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में गुंजन चौधरी (पिता दिलीप चौधरी), दिलीप चौधरी (पिता केसरीमल चौधरी) निवासी देवास और मनोज पटेल (पिता गंगाधर पटेल) निवासी टिगरिया गोगा शामिल हैं। औद्योगिक थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 420 (धोखाधड़ी), 406 (आपराधिक विश्वासघात) और 120-बी (आपराधिक साजिश) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। उन्हें न्यायालय में पेश किया गया है। जानकारी के अनुसार, अमित नगर गृह निर्माण सहकारी समिति का गठन लगभग वर्ष 1980 में हुआ था। आरोप है कि तत्कालीन संचालक मंडल ने समिति पर कब्जा कर सदस्यता प्रक्रिया में अनियमितताएं कीं। इसके चलते पात्र व्यक्तियों को अवैध घोषित कर उनके अधिकारों से वंचित कर दिया गया। फरियादियों की शिकायतों के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की, जिसमें कई अनियमितताएं सामने आई हैं। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और उन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

## शीतला सप्तमी पर मंदिरों में पूजन-के लिए महिलाओं की भीड़



**देवास।** शीतला सप्तमी के अवसर पर मंगलवार को शहर के शीतला माता मंदिरों में महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाओं ने सुबह मंदिर पहुंचकर माता शीतला की पूजा-अर्चना की और ठंडे भोजन का भोग अर्पित किया। शहर के गोया स्थित शीतला माता मंदिर में भी बड़ी संख्या में महिलाएं दर्शन और पूजा के लिए पहुंचीं। महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा की और आरती उतारी। इस पर्व पर एक दिन पहले बनाया गया भोजन माता को अर्पित करने की परंपरा होती है। पूजा करने पहुंची श्वेता चौधरी ने बताया कि शीतला सप्तमी के दिन महिलाएं एक रात पहले ही भोजन बनाकर रखती हैं और अगले दिन ठंडा होने पर माता शीतला को भोग लगाती हैं। इसके बाद परिवार के लोग वही प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। मान्यता है कि शीतला सप्तमी का व्रत रखने और पूजा करने से परिवार में सुख-समृद्धि आती है। महिलाएं अपने बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य और परिवार की खुशहाली के लिए यह व्रत रखती हैं।

### उदनखेड़ी में हो चुका है बड़ा नुकसान, जल चुकी है उपज

# गेहूं पकते ही आगजनी का खतरा बढा, लटकते तार बने हैं मुसीबत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



सारंगपुर विकासखंड में हर साल रबी सीजन में प्राकृतिक आपदा के साथ आगजनी से भी किसानों को लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ता है। ग्रामीण इलाकों में जंगल की तरफ बिजली के तार जमीन को छूते हुए लटकते रहते हैं। बिजली कंपनी की लापरवाही से यह स्थिति बनी रहती है। मेंटेनेंस के बाद भी स्थायी समाधान नहीं हो रहा है। उदनखेड़ी में पूर्व जपं अध्यक्ष नंदलाल नागर की 25 बीघा सहित करीब 35 बीघा भूमि पर खड़ी गेहूं की फसल खाक हो गई। वही इस बार भी सभी खेतों में गेहूं की फसल पककर तैयार खडी है। थोडा सा फाल्ट हुआ गुल गिरा। आग लग सकती है। प्रशासन किसानों को सचेत कर रहा है। कई बार किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली में गेहूं के ऊंचे पुले बांध लेते हैं। तार से टकराव होता है। आग लग जाती है।

इन दिनों खेतों में रबी की फसल पक चुकी है। कई जगह कटाई भी शुरू हो गई है। ऐसे में विद्युत स्पार्क से फसल जलने का खतरा रहता है। नरवाई जलाने के दौरान भी खेतों में रखी फसल जल सकती है। इस मौसम में ऐसी घटनाएं सामने आती रहती हैं। सारंगपुर तहसीलदार आकाश शर्मा ने किसानों से अपील की है कि फसल की सुरक्षा के लिए सावधानी रखें। सिंचाई के लिए पोल से मोटर तक जाने वाले तार कई किसान जमीन पर बिछाते हैं। इनमें स्पार्किंग से आग लगने की घटनाएं ज्यादा होती हैं। इसलिए जमीन पर बिछाए तार हटा दें। जिन खेतों के आसपास लटकते तार हैं, लूज कनेक्टर हैं, वे कटाई से पहले बिजली कंपनी को सूचना दें। ग्राम पंचायत को भी अवगत करा सकते हैं। पंचायत बिजली कंपनी को सूचना देकर बिजली बंद करा सकती है।

**बिजली कंपनी करती है लापरवाही**

हर साल गेहूं के सीजन में क्षेत्र में आगजनी की घटनाएं सबसे ज्यादा होती हैं। घटनाओं का कारण अक्सर बिजली का फाल्ट रहता है। पिछले वर्ष विकासखंड में दर्जनो स्थानों पर आगजनी की घटनाएं हुई थीं।

### एचपीवी टीकाकरण अभियान की समीक्षा

## खराब प्रदर्शन पर नोटिस, वेतन वृद्धि रोकने व जुर्माने के दिए निर्देश

**ब्यावरा-राजगढ़।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा आयोजित समय सीमा बैठक में जिले में संचालित एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि टीकाकरण के लिए पात्र हितग्राहियों से स्वयं मिलकर वन-टू-वन संवाद किया जाए तथा अभिभावकों से सहमति फॉर्म भरवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में कार्यक्रम की सख्त मॉनिटरिंग करें। कार्यक्रम की प्रगति की प्रतिदिन शाम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा की जाएगी। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए कि सभी स्कूलों में एचपीवी टीकाकरण के संबंध में आवश्यक पत्राचार किया जाए तथा स्कूलों में पात्र बालिकाओं के टीकाकरण की प्रक्रिया को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर पर्यवेक्षण किया जाए। उन्होंने नोडल अधिकारी को जनगणना कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। एचपीवी टीकाकरण में कार्य नहीं करने वाले सीडीपीओ एवं बीएमओ पर सख्ती से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण विषयक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट व ऑनलाइन ठगी से बचाव के संबंध में किया गया जागरूक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निदेर्शानुसार व पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक कार्यालय आगर मालवा के मीटिंग हॉल में महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण विषयक एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों की महिला अधिकारी-कर्मचारी, स्वयं सहायता समूह की सदस्याएं तथा अहिंसा वेलफेयर सोसायटी एवं जनसाहस सोसायटी की प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने उपस्थित महिलाओं से संवाद करते हुए उन्हें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा महिला दिवस के इतिहास, उसके महत्व और समाज में महिलाओं की बदलती भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाएं समाज की आधी आबादी हैं और उनके सशक्त होने से ही समाज, प्रदेश और देश का समग्र विकास संभव है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, विज्ञान, खेल, सेना और अंतरिक्ष जैसे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं।

## जैन सोशल ग्रुप मैत्री ने महिलाओं को किया सम्मानित

**खाचरोद।** जैन सोशल ग्रुप मैत्री खाचरोद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नगर की सम्मानित एवं प्रेरणादायी महिलाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर खाचरोद में पदस्थ एस.डी.ओ.पी. श्रीमती आकांक्षा बछोटे ने अपने उद्बोधन में जैन समाज की प्रशंसा करते हुए कहा कि जैन समाज एक अत्यंत शिक्षित एवं संस्कारी समाज है, जो समाज के हित एवं मूल्यों को भली-भांति समझता है। इस समाज के लोगों से कभी किसी प्रकार की शिकायत नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि महिलाएं हमेशा आगे बढ़ते हुए अन्य महिलाओं को भी साथ लेकर चलती हैं तथा महिला सशक्तिकरण और विकास के लिए सदैव तत्पर रहती हैं। इसके पश्चात भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्रीमती मनीषा जी शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनकी सुरक्षा भी अत्यंत आवश्यक है। इस ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि माता और बेटियों के बीच संवाद (कम्युनिकेशन) मजबूत होना बहुत जरूरी है। आप सभी एक सक्षम समाज से हैं, इसलिए हर क्षेत्र में अच्छा कार्य कर सकते हैं और स्वयं को कभी कमजोर न समझें।


## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार बैंक की ओर से इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण एवं संबंधित को सूचित किया जाता है कि श्री मनीष कल्याणी पिता नंदलालजी कल्याणी निवासी बडनगर के स्वामित्व की व्यवसायिक व्यपवर्तित भूमि सर्वे न. 68/2 रकबा 0.1608 हेक्टर (पुराना भूमि सर्वे नं. 287/5 एवं परिवर्तित सर्वे नं. 68 का भाग) एवं सर्वे नं. 69/2/2 रकबा 1.2998 हेक्टर (पुराना भूमि सर्वे नं. 287/4 एवं 287/2 एवं परिवर्तित सर्वे नं. 69/2 का भाग) ग्राम अमला तहसील बडनगर जिला उज्जैन में स्थित है जिनकी संयुक्त चर्तुःसीमा में पूर्व में भूमि सर्वे नं. 68/1 एवं 69/2/1, पश्चिम में भूमि सर्वे नं. 66/2 एवं 67, उत्तर में रोड (राष्ट्रीय राजामार्ग) एवं भूमि सर्वे नं. 70/2 तथा दक्षिण में भूमि सर्वे नं. 74 मिली है। उपलब्ध कराये गये दस्तावेज अनुसार उक्त सम्पत्ति के वर्तमान स्वामी श्री मनीष कल्याणी पिता नंदलालजी कल्याणी निवासी बडनगर हैं तथा राजस्व रिकार्ड में भी इनका नामांतरण दर्ज है, जिन्होंने उक्त भूमि को ऋण की प्रतिभूति हेतु मेरी पक्षकार बैंक के पक्ष में बंधक करना प्रस्तावित किया है। अतः सूचित किया जाता है कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का भी कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या इसके संबंध में कोई पारिवारिक विवाद या आपत्ति हो या इस पर अन्य किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पेढी, आदि का कोई लेना देना बकाया हो या इसके स्वामित्व या कब्जे या विक्रय के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो या किसी भी न्यायालय में कोई वाद विवाद हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से 3 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर उक्त सम्पत्ति पर उपरोक्त वर्तमान स्वामी का टायटल क्लीयर मानते हुए ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी तथा ऋण स्वीकृत किये जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार मेरे पक्षकार बैंक का रहेगा तथा बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांकः 11.03.2026

**रवि एस. मित्तल, एडवोकेट**
**कार्यालय डी-11, भरतपुरी कॉम्पलेक्स देवास रोड़, उज्जैन**
**मो. 98260-85675, 94068-85675**

## जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण एवं संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी अरविंद शर्मा पिता श्री रमेशचन्द्रजी शर्मा, जाति-ब्राहम्ण, कृषक व निवासी ग्राम घट्टिया, तह. घट्टिया, जिला उज्जैन से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 1159/1 (एस) रकबा 0.1500 हेक्टर, सर्वे नंबर 1159/2/2 (एस) रकबा 0.0300 हेक्टर, सर्वे नंबर 1160 (एस) रकबा 0.1500 हेक्टर, सर्वे नंबर 1162 (एस) रकबा 0.4700 हेक्टर, कुल किता 4 कुल रकबा 0.8000 हेक्टर अर्थात 4 बीघा भूमि स्थित ग्राम घट्टिया प.ह.नं.. तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में है, को क्रय करने के उद्देश्य से इसकी सौदा चिट्ठी भी लिख ली है तथा टौकन राशि भी प्राप्त कर ली है। अब केवल अनुबंध करके बयाना राशि प्राप्त करना है तथा रजिस्ट्री करवाई जाना शेष है। यदि उक्त कृषि भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, पेढ़ी आदि का कोई ऋण, भार, बकाया, लेनदारी आदि हो अथवा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई विवाद हो या उक्त सम्पत्ति के विक्रय, स्वामित्व या कब्जे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो या इसमें किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई न्यायालयीन कार्यवाही दावा आदि चल रहा हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति (कृषि भूमि) के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री का संपादन करा लिया जावेगा तथा इसके पश्चात उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या दावा मेरे पक्षकार के मुकाबले मान्य नहीं होगा। इति दिनांक-10/03/2026

**घनश्यामसिंह हंस, एडवोकेट, उज्जैन**
**कार्यालय नं 108, प्रथम तल, कल्पतरू टॉवर, माधव नगर हास्पिटल के सामने फ्रीगंज, उज्जैन (मप्र) मो 93294 10391**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी जसवंतसिंह पिता किशोरसिंह, जाति-राजपुत, निवासी- ग्राम मकड़ावन तहसील बड़नगर जिला उज्जैन के एकांकी स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 251/4 रकबा 0.26 हैक्टर, सर्वे क्रमांक 253/4 रकबा 0.21 हैक्टर, सर्वे कमांक 261/4 रकबा 0.54 हैक्टर, सर्वे क्रमांक 262/4 रकबा 0.61 हैक्टर, कुल किता 4 कुल संयुक्त रकबा 1.62 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम मकड़ावन तहसील बड़नगर जिला उज्जैन में स्थित है, को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा तय कर टोकन राशि अदा कर सौदा चिट्ठी का संपादन कर लिया है।

अतः उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूमि में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 07 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूमि का अनुबंध या विधिवत विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। इति

दिनांक :- 11-03-2026 स्थान उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडव्होकेट**
**दुकान नंबर - सीएफ-7, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मोबाईल नंबर- 99264 66157**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार 1] दिलीप दुबे पिता स्व. श्री रामरतन दुबे, 2) श्रीमती आरती दुबे पति श्री दिलीप दुबे, निवासीगण 74, स्कीम नं. 155, नियर स्कीम नं. 51. इन्दौर म.प्र. की ओर से यह जाहिर सूचना प्रकाशित करवाई जा रही है।

मेरे पक्षकारगण के पुत्र नीरज दुबे पिता श्री दिलीप दुबे, निवासी- 74, स्कीम नं. 155, नियर स्कीम नं. 51, इन्दौर म.प्र. का विवाह मेरे पक्षकारगण ने अपनी हेसियत अनुसार समाज-जन की उपस्थित में हिन्दू रीति रिवाज अनुसार सम्पन्न कराया था। नीरज दुबे द्वारा अपने व्यवहार के चलते अपनी पत्नी कामिनी से आये दिन विवाद किया जाता रहा और वर्तमान में नीरज अपनी पत्नी को साथ में रखना नहीं चाहता है। समझाईश देनें पर मेरे पक्षकारगण के साथ भी वाद विवाद करता हैं, काफी समझाईश के बाद भी नीरज दुबे के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं है। नीरज दुबे के उक्त व्यवहार से मेरे पक्षकारगण काफी प्रताडित हो चुके है और उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा भी धुमिल हो रही है। इसलिए मेरे पक्षकारगण अपने पुत्र नीरज दुबे पिता दिलीप दुबे को अपने घर परिवार से तथा अपनी जायदाद से बेदखल करते है। भविष्य में नीरज दुबे के द्वारा किये गये किसी भी कार्य का कोई उत्तरदायी मेरे पक्षकारगण एवं उसके परिवार का नहीं होगा एवं नीरज दुबे द्वारा किये गये किसी संव्यवहार के लिए एवं किसी भी प्रकार की लेनदारी व देनदारी आदि के व्यवहार के लिए मेरे पक्षकारगण उत्तरदायी नहीं होंगे। मेरे पक्षकारगण द्वारा अपने पुत्र नीरज दुबे से अपने संबंध विच्छेद कर लिये है। सूचित हो। इति दिनांक 09/03/26

**मितेश भार्गव एडवोकेट, उज्जैन म.प्र.**
**मो. नं. 98270-15951**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद खाचरौद जिला उज्जैन (म.प्र.)

क्रमांक/ई-टेण्डरिंग/2026/429-436 खाचरौद दिनांक 06/03/2026

## निविदा सूचना

एतद् द्वारा समस्त अधिकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता हैं कि नगर पालिका परिषद खाचरौद द्वारा विभिन्न कार्यों हेतु निविदा ऑनलाईन पद्धति से www.mptender.gov.in पोर्टल पर निविदा आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक अधिकृत ठेकेदार ऑनलाईन दर प्रस्तुत कर सकते हैंः-

| S. No. | Tender No. | Name of the work | Probable amount of contract (Rs. In Lacs) (In Rs) | Earnest Money Deposit (EMD) | Cost of Bid Document (In Rs) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_488061_1 | Supply of Stationary Material | 10 लाख | 20000/- | 5295/- |
| 2 | 2026 UAD_488063_1 | Supply of Printing Material | 08 लाख | 16000/- | 5295/- |
| 3 | 2026 UAD _488067_1 | Supply of Tent Material | 10 लाख | 20000/- | 5295/- |
| 4 | 2026_UAD_488076_1 | Service of Computer Reparing | 05 लाख | 10000/- | 2295/- |
| 5 | 2026 UAD_488178_1 | Sound Service | 05 लाख | 10000/- | 2295/- |
| 6 | 2026_UAD 488182_1 | Vidhyut Saaj Sajja Service | 05 लाख | 10000/- | 2295/- |
| 7 | 2026_UAD_488190_1 | Supply of Kitnashak Material | 20 लाख | 40000/- | 5295/- |
| 8 | 2026_UAD_488198_1 | Supply of Vidhyut Street Light Material | 20 लाख | 40000/- | 5295/- |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन ऑनलाईन की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद खाचरौद**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद खाचरौद**

## न्यूज कॉलम

### शाजापुर पुलिस ने साइबर फ्रॉड और महिला सशक्तिकरण पर किया जागरूक

**शाजापुर।** आज के आधुनिक और डिजिटल युग में जहां महिलाएं हर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं, वहीं साइबर अपराधी भी नए-नए तरीकों से उन्हें अपना शिकार बना रहे हैं। महिलाओं को इन छिपे हुए खतरों से सुरक्षित रखने और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति सशक्त बनाने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शाजापुर पुलिस ने एक विशेष पहल की है। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम में कामकाजी महिलाओं को न सिर्फ उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया, बल्कि डिजिटल दुनिया के खतरों से बचने के गुर भी सिखाए गए। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार और पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में पुलिस कंट्रोल रूम के मीटिंग हॉल में महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण विषयक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें जिले के विभिन्न विभागों की महिला अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को बढ़ते सायबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, फिशिंग, सोशल मीडिया अपराध और ऑनलाइन ठगी के प्रति आगाह किया गया। आरआई वंदना सिंह ने विस्तार से बताया कि किस प्रकार सतर्क रहकर ऐसे अपराधों से बचा जा सकता है। महिलाओं को प्रेरित किया गया कि वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। किसी भी प्रकार के अन्याय या अपराध की स्थिति में निडर होकर पुलिस से संपर्क करें।

### निजी स्कूलों की मनमानी और सरकारी स्कूलों की बदहाली के खिलाफ पालक महासंघ ने खोला मोर्चा

**शाजापुर।** जिले की शिक्षा व्यवस्था में सुधार, निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक और सरकारी स्कूलों की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग को लेकर पालक महासंघ की शाजापुर जिला इकाई ने मंगलवार को कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा। महासंघ के कार्यकताओं ने जिले की चरमराई शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए निजी स्कूलों के लिए पांच और सरकारी स्कूलों के लिए पांच कुल 10 सूत्रीय मांगें प्रशासन के सामने रखी हैं। पालक महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश सिसनोरिया ने बताया कि संगठन पिछले दो वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में व्याप्त अनियमितताओं को दूर करने के लिए लगातार आवेदन और निवेदन कर रहा है। नए शिक्षा सत्र की शुरूआत से पहले ही जिला कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को यह तीसरी बार ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन में निजी स्कूलों को लेकर मांग की गई कि कक्षा 1 से 12वीं तक अनिवार्य रूप से एनसीईआरटी की किताबें लागू की जाएं, जिले में फीस रेगुलेशन नियम का सख्ती से पालन सुनिश्चित हो, महंगे कोर्स और ड्रेस के नाम पर स्कूलों द्वारा लिया जा रहा कमीशन और एकाधिकार तुरंत बंद किया जाए। वहीं सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की ई-अटेंडेंस का कड़ाई से पालन करवाया जाए, स्कूलों के खुलने और बंद होने का समय निर्धारित हो और उसका पालन हो, गरीब व कमजोर वर्ग के बच्चों की शिक्षा में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

### शाजापुर नगर पालिका के तुगलकी फरमान के खिलाफ कांग्रेस पार्षद का हल्लाबोल

**शाजापुर।** शहर में नागरिक सुविधाओं का अता-पता नहीं है, लेकिन टैक्स वसूली के मामले में शाजापुर नगर पालिका ने आम जनता की कमर तोड़ने की पूरी तैयारी कर ली है। महंगाई की मार से जूझ रही शहर की जनता पर अब जल कर, संपत्ति कर और भवन निर्माण शुल्क में बेतहाशा वृद्धि का चाबुक चलाया गया है। इतना ही नहीं, सीवरेज शुल्क के नाम पर एक नया आर्थिक बोझ भी जनता के कंधों पर लाद दिया गया है। नगर पालिका के इस जनविरोधी फैसले के खिलाफ अब बगावत के सुर तेज हो गए हैं। वार्ड क्रमांक 15 की पार्षद भावना-सत्यावात्रे ने इस टैक्स के खिलाफ सीधा मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस पार्षद भावना-सत्यावात्रे ने नगर पालिका परिषद के हालिया निर्णयों पर तीखा प्रहार करते हुए कड़ा विरोध पत्र जारी किया है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा है कि शाजापुर पहले से ही मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। यहां की जनता पहले ही कई तरह के करों का भारी बोझ उठा रही है। ऐसे परिदृश्य में बिना कोई नई सुविधा दिए भवन निर्माण अनुमति, जल कर और संपत्ति कर में की गई मनमानी बढ़ोतरी सीधे तौर पर आम आदमी के साथ अन्याय है। पार्षद ने अपने पत्र में विशेष रूप से सीवरेज शुल्क की वसूली पर आपत्ति जताई है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि बढ़े हुए टैक्सों के साथ-साथ इस नए शुल्क की अनिवार्य अदायगी आम आदमी की आर्थिक स्थिति को पूरी तरह चरमरा देगी।

### चैत्र नवरात्रि में मां बगलामुखी के गर्भगृह प्रवेश पर रहेगा प्रतिबंध

**आगर मालवा।** आगामी चैत्र नवरात्रि महापर्व 19 मार्च से 27 मार्च 2026 तक श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुचारू दर्शन व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से माँ बगुलामुखी मंदिर नलखेड़ा में विशेष व्यवस्था लागू की गई है। अध्यक्ष, मंदिर प्रबंधन समिति के आदेशानुसार तहसीलदार नलखेड़ा द्वारा जारी आदेश के अनुसार नवरात्रि के संपूर्ण दिनों में मां बगलामुखी के गर्भगृह में प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। इस अवधि में श्रद्धालु मां के सुलभ दर्शन त्रिशूल मंडपम (मंडपम) से कर सकेंगे। मंदिर प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह व्यवस्था सभी श्रद्धालुओं पर समान रूप से लागू रहेगी।

शाजापुर में सौर ऊर्जा का चमत्कार, बिजली के बिल हो रहे शून्य

# उपभोक्ता बन रहे बिजली उत्पादक

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से रोशन हुए घर कलेक्टर बाफना ने उपभोक्ताओं को किया सम्मानित



दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

जिले में सौर ऊर्जा के प्रति लोगों का रुझान अब चमत्कारिक परिणाम देने लगा है। शाजापुर के जिन घरों में कभी हजारों रुपये का बिजली बिल आता था, आज उन घरों के बिल न सिर्फ शून्य हो गए हैं, बल्कि माइनस (ऋणात्मक) में आ रहे हैं। यानी अब उपभोक्ता बिजली खरीद नहीं रहे हैं, बल्कि बिजली बनाकर विद्युत कंपनी को दे रहे हैं। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत शहर के कई जागरूक नागरिकों ने अपने घरों की छतों पर सोलर प्लांट स्थापित करवाए हैं। इस शानदार पहल और पर्यावरण संरक्षण में योगदान के लिए कलेक्टर ऋजु बाफना ने मंगलवार को उक्त उपभोक्ताओं को सम्मानित कर जिले के अन्य लोगों के लिए एक मिसाल पेश की है।

सैकड़ों उपभोक्ताओं ने लुमिना सोलर टेक्नोलॉजी के माध्यम से अपने घरों में सोलर पैनल लगवाए हैं, जिसके बाद से इनके घरों का आर्थिक गणित ही बदल गया है। ज्योति नगर निवासी बैजनाथ सिंह जिनके घर का बिजली बिल पहले औसतन 3,000 रुपये प्रतिमाह आता था, लेकिन सोलर पैनल लगने के बाद अब इनका बिल -2320 रुपये (माइनस) आ रहा है। इतना ही नहीं, इनके सोलर प्लांट से बनी 1200 यूनिट अतिरिक्त बिजली वर्तमान में विद्युत कंपनी के पास जमा है। वहीं मनोज मदनलाल गुप्ता, इनका बिजली बिल भी अब -1002 रुपये (माइनस) आ रहा है और इनके प्लांट द्वारा उत्पादित 500 यूनिट बिजली ग्रिड में कंपनी के पास जमा है। सैफुद्दीन अली गिरवर रोड पहले 3,000 रुपये का भारी-भरकम बिल भरने वाले सैफुद्दीन जी का बिल अब -3200 रुपये (माइनस) हो गया है। उपभोक्ताओं के अनुसार, बिल शून्य होने और अतिरिक्त बिजली उत्पादन के कारण उन्हे सालाना लगभग 40 से 50 हजार रुपये का सीधा आर्थिक फायदा हो रहा है।

### कलेक्टर ने प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित

सोलर प्लांट लगवाने के पर्यावरण हितैषी कदम की सराहना करते हुए मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (म.प्र.प.क्षे.वि.वि.कं. ), वृत्त शाजापुर ने भी उपभोक्ताओं का सम्मान किया है। शाजापुर नवीन नगर निवासी मनोज गुप्ता जी, गिरवर रोड निवासी सैफुद्दीन अली, बैजनाथसिंह ने अपने निवास पर 3 किलोवाट के सोलर पैनल लगवाए हैं और वे अन्य लोगों को भी प्रेरित कर रहे हैं। सोलर उर्जा के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उददेश्य से मंगलवार को विभाग के अधीक्षण यंत्री एस.एन. वर्मा द्वारा उपभोक्ताओं को कलेक्टर ऋजु बाफना से प्रशस्ति-पत्र दिलवाकर सम्मानित किया गया। पत्र में उल्लेखित है कि उपभोक्ता के इस प्रयास से न केवल ऊर्जा खर्च कम हुआ है, बल्कि वायु प्रदूषण को कम करने और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिला है। उपभोक्ताओं के सम्मान के दौरान जिला पंचायत सीईओ अनुपमा चौहान, विद्युत वितरण कंपनी अधीक्षण यंत्री एसएन वर्मा, एसडीएम मनीषा वास्कले, विद्युत वितरण कंपनी जेई रामेश्वर अहिरवार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### क्या कहते हैं लाभान्वित उपभोक्ता

शिक्षा विभाग में पदस्थ मनोज मदनलाल गुप्ता का कहना है कि शुरुआत में लगता था कि सोलर प्लांट लगवाना महंगा सौदा है, सौर उर्जा के बारे में जानकारी के लिए लुमिना सोलर टेक्नोलॉजी के डायरेक्टर दीपक अग्रवाल से संपर्क किया तो उन्होने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत आप आसानी से राष्ट्रीयकृत बैंक से ऋण लेकर सोलर प्लांट लगवाने के साथ ही 78 हजार रुपए की सब्सिडी प्राप्त कर सकते हैं और अपने बिजली के बिल को शून्य कर सकते हैं। मनोज गुप्ता कहते हैं कि प्लांट लगने के बाद अब मेरा बिल माइनस 1002 रुपये आ रहा है और 500 यूनिट ग्रिड में जमा हैं, तो समझ आ रहा है कि यह सबसे बेहतरीन निवेश है। इससे हमारी बड़ी आर्थिक बचत हो रही है। वहीं पुलिस विभाग में कार्यरत बैजनाथ सिंह चांदना का कहना है कि पहले हर महीने 3000 रुपये तक का बिल भरने की भारी चिंता सताती थी। जब से लुमिना सोलर टेक्नोलॉजी से प्लांट लगवाया है, तब से न सिर्फ बिल शून्य हुआ है, बल्कि 1200 यूनिट बिजली कंपनी के पास जमा है। बिल माइनस में देखकर बहुत सुकून मिलता है। व्यवसायी सैफुद्दीन अली कहते हैं कि पीएम सूर्य घर योजना के तहत 3 किलोवाट का पैनल लगवाने से मेरा 3000 का बिल सीधे माइनस 3200 हो गया है। पैसे तो बच ही रहे हैं, लेकिन जब पर्यावरण बचाने के लिए विद्युत विभाग और कलेक्टर महोदया द्वारा सम्मानित किया गया, तो यह मेरे और मेरे परिवार के लिए बहुत गर्व का क्षण रहा। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे भी इन उपभोक्ताओं से प्रेरणा लें और पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपने घरों को सोलर ऊर्जा से रोशन करें।

# एसडीएम सर्वेश यादव हटाए गए, उनके स्थान पर किरण बरबडे को नियुक्त किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

अपनी विवादित कार्यशैली को लेकर अक्सर चर्चा में रहने वाले सुसनेर के अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) सर्वेश यादव को सुसनेर नलखेड़ा अभिभाषक संघ से चल रहे विवाद के बीच जिला प्रशासन ने बड़ा प्रशासनिक फैसला करते हुए एसडीएम पद से हटा दिया है। कलेक्टर प्रीति यादव ने आदेश जारी कर सुसनेर एसडीएम सर्वेश कुमार यादव को वहां से हटाते हुए कलेक्टर कार्यालय आगर-मालवा में पदस्थ कर दिया है, जबकि कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ प्रभारी डिप्टी कलेक्टर किरण बराड़े को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुसनेर-नलखेड़ा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह आदेश 10 मार्च 2026 को जारी किया गया है और तत्काल प्रभाव से लागू होगा। दरअसल, सुसनेर एवं नलखेड़ा अभिभाषक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को कलेक्टर से मुलाकात कर एसडीएम सर्वेश यादव की कार्यप्रणाली पर गंभीर शिकायत दर्ज कराई थी। अभिभाषक संघ के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चैहान के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि एसडीएम की कार्यशैली के कारण आम नागरिकों, पक्षकारों और अधिवक्ताओं को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद शाजापुर (म.प्र.)**

क्रमांक / राजस्व / 2025-26 / शाजापुर दिनांक / /

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मध्यप्रदेश अधिनियम 1961 की धारा 129 के अन्तर्गत निम्नानुसार शुल्क का अधिरोपण एवं वृद्धि करने का निर्णय नगर पालिका परिषद संकल्प क्रमांक 46 दिनांक 18/01/2023 एवं संकल्प क्रमांक 384 दिनांक 19/12/2023 एवं संकल्प क्रमांक 233 दिनांक 31/07/2025 से लिया गया है जो कि वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल 2025 से प्रभावशील रहेगा एतत सर्वसाधारण को सूचित हो।

| मद | अधिरोपित शुल्क |
|---|---|
| (क) | |
| सीवरेज रख रखाव शुल्क | 100/- प्रतिमाह |
| (ख) | |
| कचरा संग्रहण शुल्क | |
| निजि हॉस्पिटल / नर्सिंग होम | 5000/- प्रतिमाह |
| मैरिज गार्डन | 5000/- प्रतिमाह |
| निजी विद्यालय | 1000/- प्रतिमाह |
| निजी धर्मशाला | 1000/- प्रतिमाह |
| होटल / रेस्टोरेन्ट | 3000/- प्रतिमाह |
| (ग) | |
| गौ सेवा | शुल्क |
| नामांतरण प्रकरण (पंजीकृत) | 500/- |
| नमांतरण प्रकरण (पारिवारिक) | 300/- |
| भवन अनुज्ञा (1000 वर्गफीट) | 300/- |
| भवन अनुज्ञा (1000 वर्गफीट से 5000 वर्गफीट तक) | 500/- |
| भवन अनुज्ञा (5000 वर्गफीट से अधिक पर) | 1000/- |
| जल संयोजन | 300/- |
| जन्म प्रमाण पत्र | 50/- |
| साहुकारी लाईसेंस | 1000/- |
| सम्पत्तिकर (आवासीय वार्षिक भाड़ा मूल्य का एक प्रतिशत) | 1% |
| सम्पत्तिकर (व्यवसायिक वार्षिक भाड़ा मूल्य का दो प्रतिशत | 2% |
| समेकित कर | 50/- |

मुख्य न. पा. अधिकारी
नगर पालिका परिषद शाजापुर


# शीतला सप्तमी : घरों में नहीं जले चूल्हे, बासी भोजन का लगा भोग



दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

आधुनिकता के इस दौर में भी परंपराओं की जड़ें शाजापुर में कितनी गहरी हैं, इसका जीवंत प्रमाण शीतला सप्तमी के पर्व पर देखने को मिला। आरोग्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर शहर भर में माता शीतला का पूजन पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ किया गया। इस दौरान सदियों पुरानी बसौड़ परंपरा का निर्वहन करते हुए शहर के घरों में चूल्हे नहीं जले और माता को ठंडे (बासी) व्यंजनों का भोग लगाकर श्रद्धालुओं ने उसे प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शीतला सप्तमी के दिन अग्नि जलाना वर्जित माना जाता है और कोई भी गर्म भोजन नहीं पकाया जाता। इसी परंपरा का पालन करते हुए शहर की महिलाओं ने एक दिन पूर्व ही तैयारियां कर ली थीं।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.स्वा.यां.संधारण खण्ड नगर पालिक निगम उज्जैन**

प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संधारण खण्ड नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन निविदाओं का आमंत्रण लोक निर्माण विभाग में "सी" श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नानुसार नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी एस.ओ.आर. दिनांक 02.08.2021 से प्रतिशत आधार, आईटम रेट आधार एवं लमसम आधार पर किया जाता है।

| नि.क्र. | प्रपत्र का प्रकार | कार्य का विवरण | कार्य की अनु. लागत | प्रतिभूति राशि | ऑन लाईन निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि | निविदा क्रय की अंतिम तिथि | दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_487246_1 | 2.10 | गंभीर इंटेकवेल में स्थापित 33/0.4 के.व्ही. उपकेन्द्र का संधारण कार्य। | 534124/- | 10700/- | 2000/- | 12 माह | 26.03.2026 | 26.03.2026 |
| 2026_UAD_487247_1 | 2.10 | गऊघाट जल यंत्रालय पर केपीशीटर बैंक लगाने एवं बैटरी प्रदाय कार्य। | 799320/- | 16000/- | 2000/- | 01 माह | 26.03.2026 | 26.03.2026 |
| 2026_UAD_487248_1 | 2.10 | क्षिप्रा शुद्धिकरण तथा सीवर संपवेलों की सफाई का कार्य। | 1522999/- | 30460/- | 2000/- | 12 माह | 06.04.2026 | 06.04.2026 |
| 2026_UAD_487249_1 | 2.10 | सीवेज अस्थाई पंप हाऊसों हेतु विभिन्न क्षमता के सीवेज नॉन क्लॉग सबमर्सिबल मोटर पंप सेटों का प्रदाय कार्य। | 1634020/- | 32700/- | 2000/- | 01 माह | 06.04.2026 | 06.04.2026 |
| 2026_UAD_487262_1 | 2.10 | गऊघाट जल यंत्रालय पर स्थापित विभिन्न वाल्वों का वार्षिक संधारण कार्य। | 697906/- | 13960/- | 2000/- | 12 माह | 26.03.2026 | 26.03.2026 |
| 2026_UAD_487263_1 | 2.10 | अंबोदिया जल यंत्रालय एवं इंटेक पर स्थापित विभिन्न वाल्वों का वार्षिक संधारण कार्य। | 833464/- | 16670/- | 2000/- | 12 माह | 26.03.2026 | 26.03.2026 |

निविदा संबंधित अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा सूचना की जानकारी वेब साईट https://mptenders.gov.in पर ऑन लाईन दर्शाई गई है।

कार्यपालन यंत्री
लो.स्वा.यां. संधा.खण्ड न.पा.नि. उज्जैन

आयुक्त
नगर पालिक निगम उज्जैन



**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार बंधन बैंक लिमिटेड शाखा द्वितीय मंजिल एल.एम. काम्पलेक्स बी-ब्लॉक 34 शंकु मार्ग टॉवर चैक फ्रीगंज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 02 का भाग स्थित शिवशक्ति नगर चिमनगंज मण्डी उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 69.70 वर्गमीटर है। तथा उक्त संपत्ति की चतुर्सीमा पूर्व मे - गली, पश्चिम मे - आम रास्ता गली न. 01, उत्तर मे- गेंदालाल योगी का भवन, दक्षिण मे - भवन नंदकिशोर यादव एवं पप्पु यादव का स्थित है। उक्त सम्पत्ति मंशुर खान पिता मुज्जफर खान एवं नसरीन बी पति श्री मंशुर खान ने इसके पूर्वस्वामी गोपाल राठौर एवं राकेश से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी432022023ए12397419 दिनांक 22/09/2023 के माध्यम से क्रय कि। एवं मंशुर खान एवं नसरीन बी ने सम्पत्ति विक्रय करने का अनुबंध दिलशाद अली पिता गफ्फार खान एवं अमन अली पिता श्री दिलशाद अली से किया है। एवं दिलशाद अली आदि ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु बंधन बैंक लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेंरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक करने जा रहे हैं, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति कहीं बंधक हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से तीन दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर बंधन बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार बंधन बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्तिमान्य नहीं होगी। सूचित हो ।

दिनांक 10/03/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमाक 11, भवन क्रमाक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**



**न्यायालय तहसीलदार तहसील बड़नगर जिला उज्जैन**

क्रमांक / क्यू / री-2 / 2026 / बड़नगर दिनांक 10.03.2026
प्र.क्र. 1678 / अ-6 / 2025-26

**// प्रेस विज्ञप्ति //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है- आवेदक हर्षल पिता श्रवण पाटीदार नाबा सरपरस्त दादा मनोहरलाल पिता पूनमचंद जाति कुलमी व अनुभव पिता ओमप्रकाश पाटीदार नाबा सरपरस्त दादा मनोहर लाल पिता पूनमचंद ने वसीयत कर्ता मनोहरलाल पिता पूनमचंद जाति कुलमी मृत्यु दिनांक 25-09-2025 के स्थान पर वसीयत क्रमांक MP43152025A3130590 वसीयत दिनांक 27-02-2025 के स्थान पर फौती वसीयत के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है.जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

1. भूमि का विवरण

| सक. | पटवारी हल्का क्रमांक/ सेक्टर क्रमांक | सर्वेक्षण संख्यांक / ब्लॉक संख्यांक / भू - खण्ड संख्यांक | क्षेत्रफल हेक्टर / वर्ग मीटर में |
|---|---|---|---|
| 1 | नावदा | 132, 135, | 1.41, 1.22 |

जिसकी सुनवाई हेतु दिनांक 17.03.2026 को स्थान तहसील न्यायालय बड़नगर में 11.00 बजे नियत किया गया है।

उक्त भूमि में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित को या तो स्वंय या किसी अभिभाषक या प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित हो तथा अपनी आपत्ति यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

उक्त दिनांक स्थान पर उपस्थित न हो पाने तथा आपत्तियां न कर पाने की दशा में किसी आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा ।

तहसीलदार
तहसील बड़नगर



**न्यायालय तहसीलदार तहसील बड़नगर जिला उज्जैन**

क्रमांक / क्यू / री-2 / 2026 / बड़नगर दिनांक-06.03.2026
प्र.क्र. 0572 / अ-6 / 2025-2026

**// प्रेस विज्ञप्ति //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है-आवेदक पुनमचंद पिता बद्रीलाल जाति चमार निवासी रुनिजा ने मृतक गोविन्द पिता लूना मृत्यु दिनांक 16.01.2012 के स्थान पर फौती वसीयत के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है.जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

1. भूमि का विवरण

| स.क्र. | पटवारी हल्का क्रमांक / सेक्टर क्रमांक | सर्वेक्षण संख्यांक / ब्लॉक संख्यांक / भू - खण्ड संख्यांक | क्षेत्रफल हेक्टर / वर्ग मीटर में |
|---|---|---|---|
| 1 | रुनिजा | 679 | 1.13 |

जिसकी सुनवाई हेतु दिनांक 13.03.2026 को स्थान तहसील न्यायालय बड़नगर में 11.00 बजे नियत किया गया है।

उक्त भूमि में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित को या तो स्वंय या किसी अभिभाषक या प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित हो तथा अपनी आपत्ति यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

उक्त दिनांक स्थान पर उपस्थित न हो पाने तथा आपत्तियां न कर पाने की दशा में किसी आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा ।

अपर तहसीलदार
तहसील बड़नगर



## महिलाओं ने शीतला माता का पूजन किया, बासी व्यंजन का लगाया भोग

**कायथा ।** होली के बाद सातवें दिन चैत्र पक्ष की सप्तमी तिथि मंगलवार को शीतला सप्तमी के पावन अवसर पर महिलाओं ने विधि विधान से शीतला माता का पूजन कर परिवार मे सुख शांति सम्रद्धि स्वास्थ्य ओर आरोग्य की कामना की इस पर्व पर शीतला माता को परंपरा के अनुसार एक दिन पहले बने व्यंजन जिसमे मिठे चांवल,दही,पूड़ी आदि का भोग लगाया शीतला माता को ठंडे व्यंजन अर्पित कर रोगो से रक्षा की प्रार्थना की महिलाओं ने शीतला माता के भजन गाए,मान्यता है की मांता शीतला को रोगो से रक्षा करने वाली देवी माना जाता है खासकर त्वचा और संक्रमण से जुड़ी बिमारियों से बचाव के लिए चेचक,खसरा,और अन्य चर्मरोगों से रक्षा होती है इस लिए इनकी पूजा की जाती है

### रात्रि में पकवान बनाकर शीतला माता का किया पूजन

**महिदपुर रोड।** नगर में हिंदू समाज की महिलाओं ने सोमवार को शीतला सप्तमी का पूजन किया इससे रवि वार की रात्रि में महिलाओं ने अपने घरों में खाजे, ढोकले, मीठी नमकीन पूडी, ओल्या आदि बना कर सोमवार की सुबह रेलवे परिसर स्थित शीतला माता के ओटले पर जाकर शीतला माता का पूजन किया शीतला माता मंदिर की पुजारिन पार्वती प्रजापत ने बताया शीतला माता की पूजा अर्चना शीतल भगवानों से की जाती है ताकि वर्षभर परिवार में शीतलता बनी रहे मंगलवार को भी बड़ी संख्या में महिला शीतला सप्तमी का पूजन करेगी आसपास के गांव में भी सोमवार तथा मंगलवार दोनों दिन शीतला माता की पूजा अर्चना किये जाने के की जानकारी मिली है शीतला सप्तमी के दिन महिलाओं पुरुषों तथा बच्चों ने दिन भर एक दिन पूर्व की रात्रि में निर्मित भोजन तथा पकवानों आदि का सेवन किया

## एसडीएम ने सिविल हॉस्पिटल का किया औचक निरीक्षण



**बड़नगर।** एसडीएम धीरेन्द्र पाराशर ने रंग पंचमी के अगले दिन सोमवार को सिविल हॉस्पिटल बडनगर का औचक निरीक्षण किया। जिसमें बाह्यरोग विभाग, टीकाकरण, दवाई वितरण, एक्सरे, पैथॉलाजी लेब, इमरजेंसी वार्ड, प्रसुती वार्ड आदि का निरीक्षण कर समस्त अधिकारी कर्मचारीयों को समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिये। भारत शासन द्वारा चलाये जा रहे विशेष टीकाकरण अभियान एचपीवी के संबंध में विशेष बैठक ली। जिसमें बताया कि आज वैक्सीन लगवाने पर कल कैंसर से सुरक्षित रहेगी बेटीयां। इसके लिए सभी पात्र हितग्राही बालिकाओ को टीकाकरण करवाने के लिए प्रोत्साहीत करने के निर्देश दिये एवं खासकर विभाग दल बनाकर स्कुलो में हितग्राही अभिभावक व अन्य स्टाफ को एचपीवी के लाभ के संबंध में जानकारी देने के लिए कहा गया। इस असवर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुयश श्रीवास्वत, प्रभारी बी ई दिनेश कुमार पंचोली, नर्सिंग ऑफिसर सुनिता सनोडिया, फार्मासिस्ट कन्हैयालाल वर्फा, देवकुवर कनाश एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थिती रहें।

## चैत्र नवरात्र मे होने वाले शत चंडी महायज्ञ के लिए ध्वज पूजन किया



**कायथा ।** श्री चामुण्डा माता मंदिर प्रांगण मे चैत्र नवरात्र मे होने वाले शत चंडी महायज्ञ के लिए सोमवार को ध्वज पूजन यज्ञ के मुख्य यजमान अर्जुन सिंह राठौड़ एवं राजेन्द्र शर्मा के हाथ से मंदिर के पुजारी पंडित भुवनेश चंद्र त्रिवेदी, पंडित सुरेश चंद्र शर्मा द्वारा मंदिर प्रांगण मे यज्ञ स्थल पर ध्वज का विधिवत से पूजन कर स्थापित किया गया। यज्ञाचार्य पंडित मनोज शर्मा ने बताया कि ध्वज पूजन एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है जो मुख्य यज्ञ से पूर्व किया जाता है यह अनुष्ठान देवी दुर्गा के नो रुपो नवदुर्गा का आव्हान करने ओर यज्ञ की सफलता सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है। ध्वज पूजन धर्म, विजय और सकारात्मक ऊर्जा के प्रतीक के रूप मे किया जाता है। इस अवसर पर माँ चामुण्डा का विशेष आकर्षक श्रृंगार किया गया। श्री चामुण्डा माता की आरती की गई आरती पश्चात प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर मां चामुण्डा मंदिर के पुजारी पंडित भुवनेश चंद्र त्रिवेदी, राव साहब कृष्णपालसिंह सिसोदिया बडाग़वला, एवं माँ चामुण्डा सेवा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## विद्यांजलि इंटरनेशनल स्कूल के छात्र का इंस्पायर अवार्ड की स्कॉलरशिप के लिए चयन



**बड़नगर।** इनोवेशन इन साइंस परसूट फॉर इंस्पायर्ड रिसर्च (इंस्पायर) योजना विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है। जिसके अंतर्गत नगर के एक मात्र अशासकीय संस्था विद्यांजलि इंटरनेशनल स्कूल के छात्र अक्षत सोनगरा , कक्षा 9 का चयन जिला स्तरीय विज्ञान अवार्ड मानक 2026 प्रदर्शनी हेतु हुआ है। छात्र की इस उपलब्धि पर संस्था प्रबंधक मनोज संगतानी , निर्देशक विश्वास संगतानी, संस्था प्राचार्य श्रीमती इंदू पंजाबी सहित समस्त स्टाफ ने शुभकामनाए प्रेषित की।

धाकड़ समाज की प्रतिभाओं का सम्मान: उज्जैन जिला इकाई ने महिला दिवस पर की नई पहल

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला कर्मचारियों का सम्मान





दैनिक अवन्तिका ▶▶ खाचरोद

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पावन अवसर पर श्री धाकड़ महासभा युवा संघ (जिला उज्जैन इकाई) द्वारा समाज की नारी शक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए एक सराहनीय नई पहल की शुरूआत की गई। इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज की उन महिलाओं और बेटियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।समाज का गौरव बढ़ाने वाली बहनें सम्मानितजिला अध्यक्ष श्री नारायण जी मंडावलिया ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य समाज की उन कर्मठ महिलाओं को मंच प्रदान करना है जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर खेल जगत में धाकड़ समाज का नाम रोशन किया।

व्यवसाय और उद्यमिता के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाकर स्वावलंबन का उदाहरण पेश किया।शासकीय सेवाओं में रहकर निष्ठापूर्वक देश और समाज की सेवा कर रही हैं। विभिन्न सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाकर समाज को नई दिशा दे रही हैं।श्री मंडावलिया ने अपने संबोधन में जोर देकर कहा कि इन सफल महिलाओं के सम्मान से समाज के युवाओं में भी एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होगा। उन्होंने कहा, जब युवा इन सफल बहनों के संघर्ष और उपलब्धि को देखेंगे, तो उनमें भी आगे बढ़ने की एक लौ जागेगी। वे इनके पदचिन्हों पर चलकर समाज और राष्ट्र के उत्थान में अपना योगदान देंगे।

कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति इस गौरवमयी अवसर पर संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे नारायण मेहता, भरत कासनिया, रवि वरवनियाश्याम जी खटोलिया, मुकेश मंडावलिया, भेरूलाल नंदेडा,मुकेश कासनिया, दिनेश वर्मा, अशोक सगीतला,भेरूलाल मंडावलिया,यशवंत मदारीया, घनश्याम नायमा, सत्यनारायण वात्तरिया, नेहा धाकड़, रोशनी मंडावलिया, बद्रीलाल धाकड़ आदि उपस्थित रहे।

**कानड़**

स्थानीय नेताजी सुभाष पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल कानड़ में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समस्त शिक्षिकाओं का हार फूल व गिफ्ट देकर सम्मान किया गया ।सीनियर शिक्षिका ज्योति शर्मा को एक दिन के लिए स्कूल के प्रिंसिपल की बागडोर सौपी गई । उन्होंने बखूबी अपना दायित्व निभाया व सफलतापूर्वक स्कूल का संचालन किया । उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए यादगार पल साबित होगा उन्होंने इस सम्मान के लिए विद्यालय समिति का आभार जताया ।शिक्षिका लता पाठक ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपना वर्चस्व स्थापित कर देश के विकास में योगदान दे रही है ।जब भी हमें कोई काम सोपा जाएगा उसको हम बखूबी से पूरा करेंगे । इस अवसर पर रीना नागर, ममता दुबे, दीपा दुबे, निकिता शर्मा, रीना कुंभकार, आकृति शर्मा ,रीना राठौर, भूमिका जैन, सपना कारपेंटर, जागृति सूर्यवंशी, ममता आर्य ,रानी भेसोदिया, तमन्ना गुर्जर ,मंजू मालवीय व समस्त जेंट्स टीचर उपस्थित थे । आभार प्रधानाध्यापक राधेश्याम बरेठा ने व्यक्त किया।

सभी अधिकारी स्वयं व अपने रिश्तेदारों की 14 वर्ष की

# किशोरी बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण अनिवार्य रूप से लगवाएं- कलेक्टर बाफना

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर



कलेक्टर ऋजु बाफना ने जिले के आमजनों से अनुरोध किया है कि वे अपने परिवार व रिश्तेदारों की 14 वर्ष की किशोरी बालिकाओं (जिन्होंने अपना 14वां जन्म दिन मना लिया हो और 15वां जन्म दिन नहीं मनाया हो) को एचपीवी टीकाकरण अनिवार्य रूप से लगवाएं।

साथ ही एचपीवी टीकाकरण लगवाने के लिए प्रेरित करें एवं उन्हें समझाईश दें कि एचपीव्ही वैक्सीन से बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचाव किया जा सकता है एवं इसके कोई साईड इफेक्ट नहीं हैं, यह बहुत ही मंहगी वैक्सीन है, जिसे शासन द्वारा निःशुल्क लगाया जा रहा है। कलेक्टर बाफना ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्वयं और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के परिवार, उनके परिवारजनों की उक्त उम्र की बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण अनिवार्य रूप से लगवाएं। साथ ही उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ, आशा, सहायिकाओं, सचिव, रोजगार सहायक, शिक्षकों, जनपद सीईओ आदि का सहयोग लेकर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सरपंचों से समन्वय स्थापित कर ग्रामीण क्षेत्र में एचपीवी टीकाकरण के लिए अभिभावकों को प्रेरित करें एवं उन्हें समझाईश भी दें।

### 7 स्वास्थ्य संस्थाओं में एचपीवी टीकाकरण

एचपीवी (हयूमन पेपिलोमा वायरस वैक्सीन) टीकाकरण जिले की चिन्हित 7 स्वास्थ्य संस्थाओं जिनमें जिला चिकित्सालय शाजापुर, सिविल हॉस्पिटल शुजालपुर मण्डी, सिविल हॉस्पीटल अकोदिया मण्डी, सामु. स्वा.के. सुन्दरगढ़, सामु.स्वा.के. कालापीपल, सामु.स्वा.के. पोलायकलां, सामु.स्वा.के. मो. बड़ौदिया में पूर्णतः निःशुल्क लगाया जा रहा है।

## 13 मार्च को पीएम किसान उत्सव दिवस मनाया जाएगा, 22वीं किस्त का होगा वितरण

**आगर मालवा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 13 मार्च 2026 को गुवाहाटी से देशभर के किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 22वीं किस्त की राशि हस्तांतरित की जाएगी। इस अवसर को पूरे देश में पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव ने पीएम किसान उत्सव दिवस पर जिला एवं ब्लॉक स्तर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित करने, और प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषकों को देखने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।



## रंगपंचमी पर नेमा समाज का भव्य फाग उत्सव

### भारत की जीत का भी मनाया जश्न

**शुजालपुर।** रंगपंचमी के पावन अवसर पर नेमा समाज शुजालपुर द्वारा श्रीराम जानकी धाम में भव्य फाग उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के सभी लोगों ने मिलकर सुबह से दोपहर तक उत्साह और उमंग के साथ फाग उत्सव मनाया। रंगगुलाल, फाग गीतों और आपसी भाईचारे के माहौल ने आयोजन को विशेष बना दिया। कार्यक्रम में बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले और बर्फ के गोले विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं शाम को समाजजनों ने सहभोज का आनंद भी लिया। इस अवसर पर 20-20 वर्ल्ड कप के फाइनल मैच का लाइव प्रसारण भी किया गया। भारत की जीत पर उपस्थित समाजजनों ने खुशी जाहिर करते हुए जमकर जश्न मनाया। पूरे आयोजन में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं और बच्चों की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर समाज अध्यक्ष अंशुल नेमा ने समाज के सभी परिवारों एवं सहयोग करने वाले व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया।

इंजेक्शन लगे तरबूज से सेहत को रहता है नुकसान का डर

# स्वास्थ्य तरबूज को लाल करने एरिथ्रोसिन और फलों को जल्दी पकाने में कैल्शियम कार्बाइड का उपयोग भी हो रहा इस्तेमाल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर गर्मियों के आते ही बाजार में तरबूज की भरमार हो जाती है। लेकिन आजकल बाजार में मिलावटी और केमिकल लगे तरबूज बेचे जा रहे हैं, जो सेंहत के लिए बेहद खतरनाक है। तरबूज न सिर्फ शरीर को ठंडक देता है, बल्कि गर्मी से राहत भी दिलाता है। लेकिन क्या आपने कभी सौचा है कि जिस तरबूज को आप बडे चाव खाते है वह आपकी सेहत के लिए जहर भी साबित हो सकता है।



### रंग लाने के लिए एरिथ्रोसिन का इस्तेमाल

तरबूत में इस्तेमाल होने वाले सबसे जहरीले डाई में से एक है एरिथ्रोसिन। यह एक गुलाबी रंग का हाई है, जिसका इस्तेमाल ज्यादातर खाने में रंग लाने के लिए किया जाता है। तरबूज को लाल करने के लिए धडल्ले से इस्तेमाल किए आने वाले एरिथ्रोसिन का शरीर पर काफी गंभीर प्रभाव पड सकता है। वही जानकारों के अनुसार तरबूत को जल्दी पकाने को ज्यादा लाल दिखाने के लिए कुछ दुकानदार कपड़े रंगने वाले सूडान रेड, लेड क्रोमेट और मेथनाल यलो जैसे खतरनाक केमिकल का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके अलावा कैल्शियम कार्बाइड का उपयोग भी किया जाता है, जो आमतौर पर फलों को जल्दी पकाने के लिए गैरकानूनी रुप से इस्तेमाल करते है।स्वास्थ्य विभाग और खाद्य विभाग द्वारा नियमित रुप से बाजारों में फल सब्जियों की कोई नियमित जांच नहीं की जाती है।

### स्वास्थ्य पर खतरनाक प्रभाव

- शरीर में विषात पदार्थ जाने से उल्टी, डायरिया और पेट दर्द जैसी समस्याएं हो सकती है।
- ऐसे तरबूज खाने से लीवर और किडनी पर बुरा असर पडता है, कार्यक्षमता कम ही सकती है।
- कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि इन वकेमिकल्स के लगातार सेवन से कैंसर का खतरा भी बढ सकता है।
- बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है, जहरीले तरबूज बेहद खतरनाक हो सकते हैं।

### तरबूज को पहचानने का तरीका

- इंजेक्शन लगे तरबूज में छोटे-छोटे छेद हो सकते है। निशान दिखे, तो उसे न खरीदें।
- टिशू पेपर या काटन कटे तरबूज के गूदे पर रखें। कुछ देर में टिशू लाल ही जाए तो उसमें केमिकल है।
- तरबूज का एक टुकडा पानी में डाले, अगर पानी का रंग बदल जाए, तो यह असली नहीं है।
- प्राकृतिक तरबूज हल्की मिठास लिए होते है, इन्जेकान लगे तरकूज का स्वाद असामान्य मीठा लगता है।
- तरबूज थपथपाने पर भारी और ठोस आवाज आनी चाहिए, खोखला लगे तो खराब हो सकता है।

### इनका कहना है

गर्मी के मौसम में अधिक पानी वाला फल खाना जरूरी है, लेकिन सही फल चुने। तरबूज जैसे प्राकृतक और फायदेमंद फल में अगर मिलावट हो जाए, तो यह सेहत के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। जरुरी है कि हम सतर्क रहे, प्राकृतिक रुप से उगाए गए फलों को ही प्राथमिकता दे। स्वास्थ्य के साथ कोई समझौता न करें। खास कर बच्चों को इससे बचाए क्योंकि उन्हें बच्चों को मिलावटी खाद्य सामग्री से सबसे ज्यादा खतरा होता है।

**डा. अंकित यादव, शिशु रोग विशेषज्ञ, सिविल अस्पताल**



## पेंशन संघ द्वारा लगाया गया नेत्र शिविर, 50 लोगो के आंखों की जांच

**सारंगपुर।** ग्राम पंचायत में पेंशनर संघ सारंगपुर के द्वारा सोमवार को नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के करीब 50 मरीजों की जांच की गई। जिसमें मोतियाबिंद 15, चश्मे के नंबर 20 मैरिज, 05 को जाला और 10 मरीज को अपनी आंखों के ख्याल रखने की समझाइश दी गई। इस मौके पर सारंगपुर जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर, पेंशनर संघ अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण त्रिकार, डॉ विजय सिंह चौहान, डॉक्टर विशाल कुशवाह, रमेश चंद्र गुजरिया, लक्ष्मीचंद्र शर्मा, शिवनारायण मालवीय, नीरज विश्वकर्मा, सरपंच जानकी देवी नागर सरपंच प्रतिनिधि कैलाश चंद्र नागर एवं सूरज सिंह नागर, सहायक सचिव देवराज सेन एवं ग्राम भैंसवामाता, कलाली माता, अरनिया माता, पाटडिया डाबी एवं भवानीपूरा के ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बालिकाओं ने महिला दिवस के एक दिन पहले नगर का नाम किया रोशन



**सारंगपुर।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मध्यप्रदेश के निर्देश अनुसार कलेक्टर राजगढ़ एवं मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत राजगढ़ निर्देशन मे नवाचार अंतर्गत पारंपरिक खेलों को बढावा देने के उदेश्य से जिला खेल अधिकारी शर्मिला डावार के मार्गदर्शन मे जिला स्तरीय खो खो बालिका व कबड्डी बालक वर्ग का आयोजन किया गया। जिसमे खो खो बालिका मे सारंगपुर की बालिकाओं ने एक तरफा जीत हासिल कर नगर व जिले का नाम रोशन किया। कोच भारत भेरवे ने बताया की पहले पंचायत स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित की गई फिर जिला स्तर पर आयोजन हुआ। प्रतियोगिता मे राजगढ़ जिले की 6 तहसील के खिलाड़ियों ने भाग लिया। फाइनल सारंगपुर और नरसिंहगढ़ के बीच हुआ। जिसमे सारंगपुर 9 पॉइंट से विजेता रहा। खिलाड़ियों मे आरती सोनी, महिमा पाटीदार, अर्चना ठाकुर, कोमल गोयल, प्रियांशी विश्वकर्मा, शीतल राजपूत, आशा पुष्पद, नीतू नागर, कीर्ति नागर, प्रियंका विश्वकर्मा, संध्या परमार, रूचि बैरागी शामिल रही। नगर के खिलाड़ियों को राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने शुभकामनायें देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सामन्यवक लालसिंह लोधा, नीलेश गोड़, राहुल गोड़, देव गिरजे, निखिल भेरवे, प्रियांशु भेरवे, नमन गुप्ता आदि ने बधाई दी।

## नगर पालिका ने सड़कों से हटाया गुलाल और कचरा



**बड़नगर।** बड़नगर में रंगपंचमी के जुलूस और उत्सव के अगले दिन सोमवार सुबह नगर पालिका ने विशेष सफाई अभियान चलाकर शहर के प्रमुख चौराहों की सड़कों को कुछ ही घंटों में साफ कर दिया। इस दौरान कर्मचारियों ने फायर फाइटर से सड़को को पानी से धोकर सारा रंग गुलाल हटाया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या, उपाध्यक्ष अनिता सतीश वर्मा, सफाई दरोगा नरेंद्र सिरसवाल, सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 120 से अधिक हितग्राहियों की हुई जांच



**शुजालपुर।** कृपा वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से 7 एवं 9 मार्च 2026 को शुजालपुर स्थित उष्मा गैस गेल पेट्रोल पंप परिसर में मानव विकास सेवा संघ सागर द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के क्षेत्रों से आए 120 से अधिक हितग्राहियों की आंखों की जांच कर उन्हें आवश्यकतानुसार निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। शिविर के दौरान सिटी हॉस्पिटल के डॉ. मनीष माहेश्वरी एवं संकेत देवरा ने उपस्थित लोगों की आंखों की जांच की तथा उन्हें आंखों की देखभाल और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सलाह भी दी। शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने लाभ उठाया।

अनहेल्दी लाइफस्टाइल और स्वास्थ्य की देखभाल ठीक से न करने के कारण अक्सर महिलाओं को शरीर में हार्मोन्स के असंतुलित होने की समस्या होती है, जो महिलाओं के स्वास्थ्य पर बुरा असर डालती है। इसके कारण महिलाओं को थकान होने, कमजोरी होने, चक्कर आने, मुड स्विंग्स, स्ट्रेस, गुस्सा, काम पर फोकस न कर पाने, हॉट फ्लैश, चिंता, नींद न आने, सिर में दर्द होने और वजन बढ़ने या कम होने जैसी स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं होती हैं, लेकिन क्या इसके कारण महिलाओं में माइग्रेन का दर्द भी बढ़ सकता है?



# क्या महिलाओं में हार्मोनल बदलाव माइग्रेन का दर्द बढ़ा सकते हैं?

## लाइफस्टाइल से बढ़ते हैं ट्रिगर्स

महिलाओं में हार्मोनल बदलाव माइग्रेन को बढ़ा सकते हैं। इसके कारण महिलाओं को स्वास्थ्य संबंध परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है। दोनों ही समस्याएं लाइफस्टाइल से जुड़ी परेशानी के कारण होती हैं।

महिलाओं में माइग्रेन का हार्मोनल बदलाव और मॉडर्न लाइफस्टाइल के ट्रिगर्स के बीच के तालमेल से गहरा संबंध है। पीरियड्स, प्रेग्नेंसी या पेरिमेनोपॉज के दौरान एस्ट्रोजन लेवल में उतार-चढ़ाव से माइग्रेन होने का खतरा बढ़ सकता है। साथ ही, लंबे समय तक स्क्रीन पर रहना, अनियमित नींद, खाना छोड़ना, डिहाइड्रेशन और वर्कप्लेस का तनाव जैसे फैक्टर्स भी इसके मजबूत ट्रिगर्स के तौर पर काम कर सकते हैं। ज्यादा महिलाओं के मुश्किल प्रोफेशनल रोल्स में शामिल होने और डिजिटल डिवाइस पर ज्यादा घंटे बिताने से, ये ट्रिगर्स आम होते जा रहे हैं।

₹माइग्रेन अक्सर हार्मोन और लाइफस्टाइल फैक्टर्स के बीच के इंटरेक्शन को दिखाता है, यही वजह है कि रोजाना की आदतों को मैनेज करना मेडिकल ट्रीटमेंट जितना ही जरूरी है। शुरूआती चेतावनी के संकेतों को पहचानना, रेगुलर नींद और खाने का पैटर्न बनाए रखना, स्क्रीन टाइम कम करना और तनाव को मैनेज करना माइग्रेन के एपिसोड्स की फ्रीक्वेंसी और गंभीरता को कम करने में काफी मदद कर सकता है।

### माइग्रेन के लक्षण

माइग्रेन की समस्या में महिलाओं को कई तरह की परेशानियां होती हैं, जो इसके शुरूआती लक्षण हो सकते हैं, जिनको नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। इसके कारण महिलाओं को सिर के एक हिस्से में तेज दर्द होने, रोशनी या आवाज के प्रति सेंसिटिव होने, मतली, चक्कर या बहुत ज्यादा थकान जैसे लक्षण माइग्रेन की ओर इशारा कर सकते हैं। इन लक्षणों को समय से पहचानने से सही कदम उठाना आसान हो जाता है।



# कान में इंफेक्शन से बच्चे को सुनने की समस्या हो सकती

कई बार कान की साफ-सफाई का ध्यान न रखने या कई अन्य कारणों से बड़ों और बच्चों में कान में इंफेक्शन हो जाता है, जो बार-बार होता है। जिसके कारण बच्चों को कान में तेज दर्द होने, कान में मवाद आने, भारीपन होने, बुखार आने, कान में तेज खुजली होने, कान खींचना, कान में पानी आने और कान में भरा हुआ महसूस होने जैसी समस्याएं होती है। ऐसे में कई बार लोगों के मन में सवाल उठता है कि क्या बच्चे के कान में बार-बार इंफेक्शन होने से उनके सुनने की क्षमता पर भी असर पड़ता है?

माता-पिता अक्सर यह मान लेते हैं कि अगर बच्चा तेज आवाजों पर प्रतिक्रिया दे रहा है, तो उसकी सुनने की क्षमता सामान्य है, लेकिन बार-बार होने वाले संक्रमण से बच्चा कुछ खास 'फ्रीक्वेंसी' को नहीं सुन पाता, जो बोलने और भाषा के विकास के लिए भी जरूरी हैं।

कान में बार-बार इंफेक्शन होने पर बच्चे को कई तरह की परेशानियां होती हैं, जिसके कारण बच्चे के चिड़चिड़ापन होने, गुस्सा आने, नींद न आने की परेशानी होती है और कई बार दर्द के कारण रोने लगते हैं। ऐसे में बच्चे को कान के इंफेक्शन के कारण होने वाली इन परेशानियों को नजरअंदाज बिल्कुल न करें।

### कान में लक्विड जमा होना

कान में संक्रमण के दौरान बच्चे के मध्य कान में चिपचिपा तरल पदार्थ जमा हो जाता है। यह ध्वनि तरंगों को कान के अंदरूनी हिस्से तक पहुंचने से रोकता है। इसे कंडक्टिव हियरिंग लॉस कहा जाता है, जिसके कारण बच्चे को सुनने में परेशानी होती है। बच्चे के कान में बार-बार इंफेक्शन होने पर कान में खुजली होने, सूजन आने और दर्द होने जैसी समस्याएं हो सकती हैं, जिसके कारण बच्चे को सोने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# बार- बार वजन घटता- बढ़ता है? लाइफस्टाइल में करें ये 5 बदलाव



बार-बार वजन घटता-बढ़ता रहना, जिसे अक्सर वेट फ्लक्चुएशन कहा जाता है, आज की व्यस्त जीवनशैली की आम समस्या बन चुका है। कई लोग डाइटिंग से तेजी से वजन घटा लेते हैं, लेकिन कुछ ही महीनों में वजन फिर बढ़ जाता है। यह उतार-चढ़ाव सिर्फ दिखने भर की बात नहीं है, बल्कि मेटाबॉलिज्म, हार्मोनल संतुलन और मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डाल सकता है। लंबे समय तक ऐसा चलने पर शरीर की एनर्जी पर बुरा असर पड़ सकता है। अक्सर इसकी वजह बहुत सख्त डाइट, अनियमित खान-पान, नींद की कमी, स्ट्रेस और एक्सरसाइज का गलत तरीका हो सकता है। अच्छी बात यह है कि कुछ लाइफस्टाइल बदलावों को अपनाकर वजन को स्थिर रखा जा सकता है। इस लेख में हम आपको पांच ऐसे लाइफस्टाइल बदलावों के बारे में बताएंगे जिनकी मदद से वजन घटने-बढ़ने की समस्या को कम करने में मदद मलिती है।

### कैलोरी कंट्रोल करें-

कैलोरी कंट्रोल करने से उतार-चढ़ाव को कंट्रोल करने में मदद मलिती है। थाली में 60 प्रतशित में सलाद और दही को शामलि करें और 40 प्रतशित में होल ग्रेन्स और दाल को शामलि करें। प्रोटीन, फाइबर और हेल्दी फैट्स को डाइट में शामलि करें। क्रैश डाइट से बचें, इससे वेट लॉस में मदद मलिती है। वजन बार-बार घटता-बढ़ता है, तो उसका कारण खराब स्लीप हाइजीन हो सकती है। नींद की कमी से हंगर हार्मोन घ्रेलिन बढ़ सकता है, इससे भूख ज्यादा लगती है और वजन बढ़ सकता है।



# लक्ष्य फाइनल में फिर हारे

**बर्मिंघम।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन एक बार फिर ऑल इंग्लैंड खिताब हासिल करने से चूक गए। वह पुरुष एकल के फाइनल में लिन चुन यी से हार गए। लगातार गेम में हारे : लक्ष्य को रविवार को फाइनल में ताइवान के खिलाड़ी से 15-21, 20-22 से हार का सामना करना पड़ा। लिन के हाथों यह उनकी लगातार पांचवीं हार है और दूसरी बार वह इस टूनामेंट में उपविजेता रहे। वह 2022 में भी फाइनल में पहुंचे थे पर जीत नहीं सके। भारत के प्रकाश पादुकोण (1980) और पुलेला गोपीचंद (2001) ही ऑल इंग्लैंड ओपन पुरुष एकल खिताब जीत सके हैं। प्रकाश नाथ (1947) और साइना नेहवाल (2015) भी करीब पहुंचे थे पर उपविजेता रहे। रविवार को कोर्ट पर उतरने से पहले तक वह टूनामेंट में पांच घंटे और 16 मिनट कोर्ट पर बिता चुके थे जो लिन से डेढ़ घंटा अधिक था। इस थकान का असर भी उनके प्रदर्शन पर पड़ा।

## सचिन ने कहा- इनक्रेडिबल वर्क टीम इंडिया;

# धोनी बोले- कोच साहब, आप पर मुस्कुराहट अच्छी लगती है, कोहली ने जीत को अद्भुत बताया

एजेंसी ▸▸ मुंबई



भारत की टी-20 वर्ल्ड कप जीत ने एमएस धोनी को भी सोशल मीडिया पोस्ट करने पर मजबूर कर दिया। पूर्व कप्तान धोनी ने चैंपियन टीम की फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर की और लिखा, अहमदाबाद में इतिहास रचा गया। कोच साहब (गौतम गंभीर), आपके चेहरे पर मुस्कुराहट अच्छी लगती है।

वहीं सचिन तेंदुलकर पूरे मैच के दौरान एक्स पर एक्टिव नजर आए। जीत के बाद उन्होंने कहा, टीम इंडिया ने इनक्रेडिबल वर्क किया। विराट कोहली बोले, अहमदाबाद में भारत ने अद्भुत जीत हासिल की।

भारत ने रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल जीता। टीम ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया और 3 साल में तीसरा क्ळउ टाइटल अपने नाम किया। भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप भी तीसरी बार ही जीता है।

धोनी एमएस धोनी ने 21 महीने बाद अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कोई फोटो शेयर की। उन्होंने लिखा, ₹अहमदाबाद में इतिहास रचा गया। टीम इंडिया, सपोर्ट स्टाफ और सभी फैंस को बधाइयां। आप सभी को खेलते हुए देखकर बहुत खुशी हुई।

कोच साहब (गौतम गंभीर) आपके चेहरे पर मुस्कुराहट अच्छी लगती है। मैच इंटेंसिटी के साथ आपकी स्माइल एक किलर कॉम्बिनेशन है। बेहतरीन प्रदर्शन, मजे कीजिए। बुमराह के बारे में कुछ न लिखूं तो ही अच्छा है। चैंपियन बॉलर।

धोनी ने इससे पहले 2024 में टीम इंडिया को टी-20 वर्ल्ड कप जीतने पर ही सोशल मीडिया पर बधाई दी थी। इस बार तो वे सेमीफाइनल और फाइनल के दौरान स्टेडियम में भी मौजूद रहे।

**संजू ने स्मार्ट बैटिंग की-** सचिन तेंदुलकर फाइनल के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक्टिव नजर आए। उन्होंने संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, शिवम दुबे, अक्षर पटेल और जसप्रीत की तारीफ की। संजू पर उन्होंने कहा, 'सैमसन बड़ी स्मार्ट बैटिंग कर रहे हैं, वे जानते हैं कि कहां अटैक करना है और कहां डिफेंड करना है। ईशान किशन ने भी बेहतरीन शॉट्स खेले।'

मैच के बाद तेंदुलकर बोले, ₹भारत और न्यूजीलैंड के बॉलर्स में यही अंतर रहा कि इंडिया ने स्लोअर गेंदें बहुत ज्यादा इस्तेमाल कीं। अहमदाबाद में शॉर्ट पिच गेंदें और वैरिएशन ही कारगर रहे। टी-20 वर्ल्ड कप लगातार 2 बार जीतना खास अहसास है। भारत इस ट्रॉफी को जीतना डिजर्व करता है।

भारत ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, टीम ने स्पेशल ब्रांड का क्रिकेट खेला। बेहतरीन टीम इंडिया, जय हिंद। जीत के बाद सेलिब्रेशन के लिए मुंबई में नहीं हूं, लेकिन मेरे घर के बाहर लोगों के जश्न के वीडियो देख रहा हूं। बेहतरीन रात। बेहतरीन काम, टीम इंडिया।

# ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम की बड़ी जीत

एजेंसी ▸▸ पर्थ

ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने टेस्ट में फिर भारत पर अपनी बादशाहत साबित कर दी। उसने एकमात्र दिन-रात्रि मुकाबले के तीसरे दिन ही मेहमान टीम पर 10 विकेट की आसान जीत दर्ज की। शानदार विदाई : रविवार को ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरी पारी में 149 रन पर समेटने के बाद 25 रन का मामूली लक्ष्य बिना परेशानी बिना विकेट 28 रन बनाकर हासिल कर लिया। इस तरह टीम ने कप्तान एलिसा हीली को शानदार विदाई दी भारतीय टीम सुबह अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 105 रन से आगे खेलते हुए 48.2 ओवर में 149 रन पर सिमट गई जिसमें प्रतिका रावल ने 137 गेंद में 63 रन की पारी खेली। एश्ले गार्डनर (दो विकेट) ने कल की दोनों नाबाद बल्लेबाजों स्नेहा राणा (30) और प्रतिका को आउट किया। गार्डनर ने स्नेह को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा।

# गैरी कर्स्टन श्रीलंका के नए हेड कोच बने, दो साल का कॉन्ट्रैक्ट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पूर्व साउथ अफ्रीकी ओपनर गैरी कर्स्टन श्रीलंका के नए हेड कोच होंगे। सोमवार को श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने इसका ऐलान किया। वे 15 अप्रैल 2026 से टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे। कर्स्टन को दो साल के कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्त किया गया है। वे सनथ जयसूर्या की जगह लेंगे, जिन्होंने हाल ही में खत्म हुए टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में टीम के सुपर-8 से बाहर होने के बाद पद छोड़ दिया था।

श्रीलंका के साथ उनके दो साल के कार्यकाल में सबसे बड़ा टूर्नामेंट 2027 का वनडे वर्ल्ड कप होगा, जो दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाएगा। टीम की कोशिश उस टूर्नामेंट के लिए सीधे क्वालिफाई करने की होगी।

गैरी कर्स्टन इससे पहले टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान नामीबिया टीम के कंसल्टेंट कोच भी रहे थे। खिलाड़ी के तौर पर उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए 101 टेस्ट और 185 वनडे खेले हैं। कोचिंग में भी कर्स्टन का अच्छा रिकॉर्ड रहा है। उनके मार्गदर्शन में भारत ने 2011 का वनडे वर्ल्ड कप जीता था। इसके बाद टीम ने टेस्ट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और रैंकिंग में नंबर-1 बना था। इसके बाद उन्होंने दो साल तक साउथ अफ्रीका की टीम को भी कोचिंग दी।

आवश्यकता है
कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की, पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की, पैकिंग हेतु महिलाओं की, हेल्पर हेतु लड़को की
शीघ्र संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड, प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी
वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला
और सिक्युरिटी गार्ड की
तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

तुरंत लोन
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

प्लाट बेचना है
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है।
प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर।
ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

आवश्यकता है
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

आवश्यकता है
कारखाने में (उज्जैन)
पैकेजिंग कार्य हेतु
महिलाओं एवं
आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

अवश्यकता है
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

आवश्यकता
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

रेंट पर देना/आवश्यकता
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

कर्मचारियों की आवश्यकता है
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### पारिवारिक विवाद के चलते पत्नी की हत्या कर पति फांसी पर झूला

**इंदौर।** इंदौर के परदेशीपुरा थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां पारिवारिक विवाद के चलते एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या करने के बाद खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना मंगलवार सुबह गली नंबर 3 में हुई। शोर-शराबा और अनहोनी की आशंका होने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया। परदेशीपुरा पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान एकनाथ वाघ (43) के रूप में हुई है, जिसने घर के भीतर फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वहीं, घर के दूसरे हिस्से में पत्नी रोहिणी (38) का शव भी संदिग्ध हालत में बरामद किया गया है। शुरूआती जांच में मामला आपसी कलह और उसके बाद उपजे आवेश का परिणाम नजर आ रहा है। आशंका है कि एकनाथ ने सो रही पत्नी का मुंह दबाकर उसकी हत्या की। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह के मुताबिक आस-पड़ोस के लोगों और रिश्तेदारों से भी पूछताछ की जा रही है ताकि विवाद की वजह को लेकर सटीक जानकारी जुटाई जा सके।

### डीप फेक वीडियो मामले में क्राइम ब्रांच को आरोपियों की तलाश

**इंदौर।** इंदौर में 10वीं के छात्र के डीप फेक वीडियो मामले में क्राइम ब्रांच की जांच जारी है। टीम आरोपियों की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल एविडेंस जुटा रही है। संभवतः आगामी दिनों में टीम आरोपियों की तलाश में शहर से बाहर जा सकती है। दरअसल, कुछ दिनों पहले 10वीं के छात्रा के माता-पिता ने क्राइम ब्रांच में मामले की जानकारी दी थी। पेरेंट्स की जानकारी के बाद क्राइम ब्रांच ने उनके बयान दर्ज कर इस मामले में जांच शुरू की थी। जांच में कई बातें क्राइम ब्रांच के सामने आ चुकी है, जिसके आधार पर टीम आगे बढ़ रही है और आरोपियों की तलाश में लगी है। 10वीं क्लास का छात्र कोचिंग जाने के बाद लापता हो गया था। बच्चे के कोचिंग से नहीं लौटने पर परिजनों ने उसका फोटो और कांटेक्ट नंबर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिए थे। इसके साथ ही एमआईजी थाने में भी शिकायत की थी। मगर बदमाश ने बच्चे के फोटो का इस्तेमाल कर डीप फेक वीडियो बनाया और परिवार को वीडियो कॉल कर उन्हें ऐसा बताया कि बच्चे को उसने पकड़ रखा है। उसने चाकू मारते हुए भी दिखाया और परिवार से 1 लाख 2 हजार रुपए की ठग लिए। बदमाश ने एक क्यूआर कोड के जरिए ये रुपए ठगे थे। मामला सामने आने के बाद क्राइम ब्रांच मामले की जांच में जुट गई थी।

### रालामंडल ब्रिज के पास कुत्ते से क्रूरता करने पर आरोपियों पर एफआईआर

**इंदौर।** इंदौर के तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में कुत्ते के साथ क्रूरता का मामला सामने आया है। इंस्टाग्राम पर सामने आए एक वीडियो के आधार पर पुलिस ने दो युवकों समेत अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना रालामंडल ब्रिज के पास एबी रोड बायपास की बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक इंस्टाग्राम की एक आईडी पर स्टोरी अपलोड की गई थी। इसमें कुछ युवक रालामंडल ब्रिज के पास एक पालतू कुत्ते के साथ क्रूरता करते नजर आ रहे थे। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। वीडियो की जांच में सामने आया कि यह घटना 6 मार्च 2026 को दोपहर करीब 4 बजे की है। घटना एबी रोड बायपास स्थित रालामंडल ब्रिज के पास की बताई गई है। पुलिस ने धर्मेंद्र बारिया निवासी रालामंडल और विवेक ठेकेदार निवासी राम मंदिर के पास रालामंडल सहित अन्य लोगों को आरोपी बनाया है। पुलिस का कहना है कि वीडियो में नजर आ रहे अन्य लोगों की पहचान भी की जा रही है। तेजाजी नगर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 (डी) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### घर को जैक लगाकर ऊपर उठाने के दौरान छत गिरने से दो मजदूर गंभीर घायल

**इंदौर।** इंदौर के भवानी नगर में एक मकान गिर गया। मकान के मलबे में दो भाई दब गए। स्थानीय और नगर निगम की टीम ने करीब एक घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। दोनों मजदूरों को बाहर निकाला। अरविंदो हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। सिर और पैर में चोटें आई हैं। मामला बाणगंगा थाना इलाके का है। जानकारी के मुताबिक, यह हादसा सोमवार शाम करीब 7 बजे हुआ। मलबे में दबे मजदूर सतीश ठाकरे (25) और सोनू ठाकरे (22) भाई हैं। दोनों देवास जिले के पिपलिया गांव के रहने वाले हैं। इंदौर में रहकर मजदूरी करते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि मकान मालिक का नाम मनीष जैन है। बताया जा रहा है कि मकान सड़क के लेवल से नीचे धंस गया था, इसलिए सुरेंद्र सिसोदिया को जैक लगाकर उसे ऊपर उठाने का कॉन्ट्रैक्ट दिया गया था। जब वे काम कर रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। स्थानीय लोगों के अनुसार मकान को सड़क से ऊपर उठाने के दौरान अचानक मकान की छत और पिलर गिर गए, जिससे वहां काम कर रहे दो मजदूर मलबे में दब गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। नगर निगम की टीम मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू शुरू किया। वहीं हादसे की सूचना पर एडिशनल कमिश्नर प्रखर सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे। घटनाक्रम की जानकारी ली। एडिशनल कमिश्नर प्रखर सिंह ने अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए। हादसे के बाद नगर निगम ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मकान को सील कर दिया है।

### रेजिडेंट डॉक्टरों की चल रही हड़ताल को दिया आंशिक विराम

**इंदौर।** रेजिडेंट डॉक्टरों द्वारा चल रही हड़ताल को फिलहाल आंशिक रूप से होल्ड कर दिया गया है। यह निर्णय स्वास्थ्य मंत्री के अनुरोध, डिविजनल कमिश्नर और हेल्थ कमिश्नर के दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इंदौर में रेजिडेंट डॉक्टरों ने स्पष्ट किया है कि हड़ताल पूरी तरह समाप्त नहीं की गई है। रेजिडेंट डॉक्टरों का कहना है कि उनकी प्रमुख मांग मनोदेय (स्टायपेंड) में वृद्धि से संबंधित है, जिसे नियमों के अनुसार अप्रैल 2025 से सीपीआई इंडेक्स के आधार पर लागू किया जाना था। करीब 11 महीने बीत जाने के बावजूद अब तक इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। डॉक्टरों ने बताया कि मरीजों की सुविधा और उपचार व्यवस्था को प्रभावित न करने के उद्देश्य से तथा स्वास्थ्य मंत्री के आग्रह का सम्मान करते हुए हड़ताल को आंशिक विराम दिया गया है। इसके बावजूद उनकी लंबित मांगों पर निर्णय होने तक विरोध प्रदर्शन विभिन्न माध्यमों से जारी रहेगा। जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अंशुल शर्मा ने बताया कि आज दोपहर 2 बजे विरोध में डॉक्टरों ने एमवाय अस्पताल से एमजीएम मेडिकल कॉलेज तक बाइक रैली निकाली और डीन को ज्ञापन दिया।

### युवती से अश्लील कमेंट का विरोध किया तो घर पर पथराव कर दिया

**इंदौर।** इंदौर के बाणगंगा इलाके में युवती से अश्लील कमेंट करने का विरोध करना एक परिवार को भारी पड़ गया। आरोप है कि बदतमीजी का विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित परिवार के घर पर पथराव कर दिया जिससे घर के शीशे फूट गए और बीच सड़क पर खड़े होकर धमकियां दीं। हैरानी की बात यह है कि घटना के सीसीटीवी फुटेज और धमकाने के वीडियो होने के बावजूद पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने की बजाय सिर्फ एनसीआर काटकर पीड़ित परिवार को थाने से लौटा दिया। एक युवती की शिकायत पर पुलिस ने बाबी और उसके साथी ऋषि कुशवाह के खिलाफ एनसीआर काटी है। दोनों ने अश्लील कमेंट किए और बदतमीजी की। युवती ने इसका विरोध किया तो दोनों के बीच कहासुनी हो गई। कुछ देर बाद युवती के परिवार के लोग भी मौके पर पहुंचे। आरोपियों ने उन्हें भी अपशब्द कहे और खुलेआम धमकाते हुए सड़क पर हंगामा किया। परिवार का आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने उनके घर पर पथराव भी किया। घटना के कुछ वीडियो और आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी मौजूद हैं, लेकिन इसके बावजूद पुलिस ने गंभीर धाराओं में केस दर्ज नहीं किया।

#### महंगी जमीन बनी बाधा, इंदौर में घटे संपत्ति सौदे, गिरावट के बाद भी 2250 करोड़ का रेवेन्यू

# माह अंत तक 2700 करोड़ का अनुमान

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

मध्यप्रदेश की वाणिज्यिक राजधानी इंदौर में कभी तेजी पर रहा रियल एस्टेट बाजार अब ठंडा पड़ता नजर आ रहा है। स्टाम्प और रजिस्ट्रार विभाग के आंकड़ों के मुताबिक इस वर्ष अब तक संपत्ति रजिस्ट्रेशन (सेल डीड) में लगभग 10 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इससे कुल संपत्ति लेन-देन मूल्य में अनुमानित 4 हजार करोड़ रुपए की कमी आई है।

राजस्व विभाग के अनुसार अब तक 68,700 सेल डीड दर्ज की गई हैं, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 78,500 रजिस्ट्रेशन हुए थे। यानी करीब 10 हजार रजिस्ट्रेशन कम हुए, जिससे राज्य सरकार के राजस्व पर



सीधा असर पड़ा है। बावजूद इसके जमीन के सरकारी मूल्यांकन में वृद्धि की तैयारी है। वृद्धि का दायरा 10% से 200% तक रहने का अनुमान है। सीनियर रजिस्ट्रार अमरेश नायडू ने बताया कि यदि ये 10 हजार पंजीयन पूरे होते तो लगभग 400 करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होता। विभाग संपत्ति मूल्य पर औसतन 10 % (स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन शुल्क सहित) वसूलता है। इस आधार पर करीब 4 हजार करोड़ रुपए के संपत्ति सौदों में गिरावट दर्ज की गई है।

### महंगी दरें बनीं बड़ी वजह

अधिकारियों के अनुसार कई क्षेत्रों में संपत्ति की कीमतें काफी हद तक पहुंच गई हैं। वर्तमान में दरें 5 हजार रुपए प्रति वर्गफीट से शुरू होकर प्रीमियम इलाकों में 30 हजार रुपए प्रति वर्गफीट तक जा रही हैं। कोविड-19 के बाद निवेश में आई तेजी अब कम हो गई है। ऊंची कीमतों के कारण खरीदारों और निवेशकों की रुचि कम हुई है। खास बात यह गिरावट के बावजूद विभाग अब तक 2,250 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित कर चुका है और 31 मार्च तक 2,700 करोड़ रुपए तक पहुंचने की उम्मीद है।
**विशेषज्ञों ने बताए अन्य कारण-** इस वित्तीय वर्ष के लिए कलेक्टर गाइडलाइन काफी अधिक रखी गई है, जबकि स्टाम्प और रजिस्ट्रेशन शुल्क पहले से ही 10 प्रतिशत या उससे अधिक है, जिससे संपत्ति और महंगी हो रही है। इस वर्ष सोना और चांदी में बेहतर रिटर्न मिलने के कारण निवेशकों का रुझान कीमती धातुओं की ओर बढ़ा है, जिससे रियल एस्टेट बाजार में सुस्ती आई है।

## छात्र नेता पर एफआईआर दर्ज

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर के सांसद प्रतिनिधि के जन्मदिन पर कारों से स्टंट करते हुए बिना अनुमति रैली निकालने के मामले में पुलिस ने एक छात्र नेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। छात्र नेता ने इसका वीडियो अपनी सोशल मीडिया आईडी पर शेयर किया था। पुलिस ने बिना अनुमति रैली निकालने और स्टंट करने पर कार्रवाई की है।

जूनी इंदौर पुलिस ने छात्र नेता आयुष भार्गव के खिलाफ सोमवार को मामला दर्ज किया। 7 मार्च की रात आयुष भार्गव ने सांसद प्रतिनिधि पंकज फतेचंदानी के जन्मदिन पर कार और बाइक की रैली निकाली थी। इस दौरान कार की छत पर खड़े होकर स्टंट किया जा रहा था, जिससे यातायात भी बाधित हुआ। बताया गया है कि आयुष ने टॉवर चौराहे से सिंधी कॉलोनी के बीच करीब 20 से अधिक कार और बाइक के साथ रैली निकाली थी। इसके लिए थाने से कोई अनुमति नहीं ली गई थी।

## आरटीई के तहत निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदन 13 मार्च से

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षाओं में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 13 मार्च से शुरू होगी। आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र का प्रारूप और आवश्यक निर्देश आरटीई पोर्टल पर उपलब्ध कराए गए हैं।

जारी समय-सारिणी के अनुसार आवेदकों का चयन 2 अप्रैल को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों एवं उनमें उपलब्ध सीटों की जानकारी 9 मार्च से आरटीई पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएगी।

वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के अभिभावक 13 मार्च से 28 मार्च के बीच ऑनलाइन आवेदन कर पंजीयन करा सकते हैं। आवेदन के साथ पात्रता से संबंधित किसी एक आवश्यक दस्तावेज को अपलोड करना अनिवार्य होगा। नर्सरी, केजी-1 और केजी-2 कक्षाओं में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 3 वर्ष से साढ़े 4 वर्ष तथा कक्षा पहली में प्रवेश के लिए 6 वर्ष से साढ़े 7 वर्ष तक निर्धारित की गई है।

ऑनलाइन आवेदन के बाद आवेदकों को इसी अवधि में त्रुटि सुधार का अवसर भी दिया जाएगा। 14 मार्च से 30 मार्च तक दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित संकुल केंद्र के स्कूल में अधिकृत सत्यापनकर्ता अधिकारी द्वारा किया जाएगा।

## मजाक में बनाया फंदा, गले में अटकी रस्सी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर के तुकोगंज में रहने वाले एक डिलीवरी बॉय की मजाक में फांसी लगाने के दौरान मौत हो गई। वह रस्सी से फंदा लगाने का नाटक कर रहा था, इस दौरान रस्सी उसके गले में फंस गई। उस वक्त वह नशे में था।

तुकोगंज पुलिस के मुताबिक घटना गोमा की फेल की है। यहां रहने वाले प्रताप (36) पिता महेंद्र सिंह चौहान ने सोमवार रात अपने घर में फांसी लगा ली। प्रताप उस समय शराब के नशे में था। छोटे भाई ने उसे सोने के लिए कहा, लेकिन वह नीचे आ गया। इसके बाद पिता ने उसे फटकार लगाकर ऊपर भेज दिया। तभी प्रताप ने कपड़े सुखाने वाली रस्सी को बीच से तोड़कर फंदा बनाया और उसे गले में डालकर बैठ गया। कुछ देर बाद घर के लोगों ने देखा तो उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रताप के परिवार में पत्नी और दो बेटे थे। घटना के समय पत्नी नीचे सास-ससुर के साथ थी। पुलिस मामले में आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।






























स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapressind@gmail.com